# पपलू बन माजन में बिछाया फड़, एक दांव में लाखों का होता है खेल

## निगरानी के लिए लगाए लडक़े, थानों में रहती है सेटिंग!

**सिंगरौली।** जिले में इन दिनों ऐसा कोई अपराध नहीं है जो घटित ना हो रहा हो। अपराध सहित चोरियों के मामलों में साल दर साल आंकड़े बढ़ रहे हैं। वही इस समय चोरियों की घटनाओं के खुलासे के लिए गठित एसआईटी एसपी के मंसूबों पर खरे नहीं उतर पा रहे। इस बीच शहर के बीचो-बीच जुए का फड़ बिछा दिया गया है। यहां हर गांव में लाखों का खेल होता है। कुछ काम कर निकलते हैं तो कुछ कंगाल हो जाते हैं लेकिन पपलू बनकर इस खेल को खिलाने वाले की कमाई पक्की है।

गौरतलब है कि ऊर्जाधानी में पैसों की कोई कमी नहीं है यहां महानगरों की तर्ज पर सारे अवैध कारोबार हो रहे हैं। चाहे फिर हेरोइन, चरस, गांजा, स्मैक या फिर जुआ का खेल। इन सभी अवैध कारोबार की जानकारी पुलिस के अलावा सभी को बखूबी रहती हैं।? जुआ का खेल इस जिले में कोई नया नहीं है



अगर नया है तो इस खेल की जगह। इन दिनों नवानगर क्षेत्र के माजन मोड़ के आस - पास और उर्ती के जंगल में दिन ढलते ही फड बिछ जाता है।

यहां के दो नंबरिया और रईसजादे कम समय में अधिक पैसे कमाने के लिए रिस्क लेने के लिए तैयार है उन्हें सिर्फ इस बात की फ़िक्र रहती है कि खेल में वह पकड़े ना जाए। पपलू जुआरियों के डर का बखूबी फायदा उठा रहा है वह प्रोटेक्शन के नाम पर प्रति कैंडिडेट प्रतिदिन के हिसाब से एक हजार रुपए वसूल रहा है। वही इस खेल में जीते कोई भी उसका दो प्रतिशत हिस्सा फिक्स है। सूत्रों की माने तो कोतवाली और नवानगर के बीच चल रहे फड़ की जानकारी पुलिस को भी है लेकिन पुलिस इन जुआरियों पर कार्यवाही इसलिए भी नहीं करती क्योंकि इनसे उन्हें समाज को कोई खतरा नहीं लगता।

**जुआरियों को मिली सुरक्षा**

बताया जा रहा है कि जुआ माफिया द्वारा जुआ की फड़ को संचालित करने का नेटवर्क तैयार किया गया है। इस काम में एक दर्जन से अधिक बेरोजगार युवाओं की 500 रुपए रोज पर सेवाएं ली जाती हैं। जुआ खेलने वाले न केवल सिंगरौली के बल्कि उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ के जुआरी भी पहुंच रहे हैं। सुरक्षा के लिहाज से जहां जुआ संचालित हो रहा है वहां इन्हीं बेरोजगार युवकों को उन रास्तों पर साधारण तौर पर बैठा दिया जाता है कि अगर इस क्षेत्र से कोई भी संदिग्ध वाहन आता दिखाई दे। तो वह तुरंत फोन पर सूचना दें, जिससे जुआरियों को पुलिस से पूर्ण सुरक्षा दी की जाती है।

**थाना सेट, निगरानी के लिए लगाए लडक़े !**

सूत्रों की माने तो फड़ों पर पुलिस कार्रवाई न करें, इसके लिए जुआ माफिया पहले थाना के स्टाफ को सेट कर लेता है। उसके वाबजूद पुलिस की दूसरी टीम कार्रवाई न कर दे, इसलिए फड़ संचालन में लड़कों (निगरानी करने वाले) को तैनात किया जाता है। फड़ संचालक मामूली पढ़े-लिखे और बेरोजगार युवकों को इस काम में लगाते हैं। उन्हें पगार के साथ मोबाइल फोन भी उपलब्ध कराते हैं। जहां से फड़ तक पुलिस के पहुंचने का अंदेशा होता है वहां लड़के लगाए जाते है। जो पुलिस वाहन आता देख मोबाइल फोन के जरिए फड़ संचालक को सूचना दे देते हैं। नतीजे में जब तक पुलिस फड़ तक पहुंची है तब तक वहां सब कुछ सिमट चुका होता है।

# हमारे जल स्रोतों को प्राथमिकता के साथ स्वच्छ रखा जाए: रामनिवास

## नागरिकों की भागीदारी से स्वच्छता को सर्वोपरि रखना उद्देश्य

**सिंगरौली।** दिन की शुरुआत स्वच्छता में सहभागिता से करने के उद्देश्यों को लेकर जनप्रतिनिधियों द्वारा अलग-अलग वार्ड में निरीक्षण किया जा रहा है और स्वच्छता के निर्देशों के जमीनी स्तर पर सत्यापन किया जा रहा है। जिस कड़ी में सिंगरौली विधायक राम निवास शाह, नगर निगम अध्यक्ष देवेश पांडेय ने वार्ड 41 में सार्वजनिक स्थानों और जल स्त्रोतों के सफाई और रख रखाव का निरीक्षण किया और विशेष सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता में श्रमदान किया गया। उक्त निरीक्षण के दौरान वार्ड नागरिकों से संवाद स्थापित करते हुए जल प्रदाय, स्वच्छता की स्थिति सहित शासकीय योजनाओं के लाभ को सांझा करते हुए प्राप्त शिकायतों के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। विधायक ने अपने कहा कि हमारे जल स्त्रोतों को प्राथमिकता के साथ स्वच्छ रखा जाए और प्रत्येक वार्ड के



रहवासियों को शासकीय योजनाओं का लाभ धरातल पर आकर दिया जाए। किसी भी स्थिति में नागरिकों को लाभ से वंचित नहीं किया जाना चाहिए और नागरिक सेवाओं और स्वच्छता के सभी संसाधन की उपलब्धता में लापरवाही नहीं किया जाना चाहिए। नगर निगम अध्यक्ष ने नागरिकों की भागीदारी से स्वच्छता को सर्वोपरि रखना उद्देश्य बताया और हर दिन की शुरुआत स्वच्छता का निरीक्षण करने और स्वच्छता में श्रमदान करते हुए करने की अपील की। सफाई मित्रों के उत्साह बढ़ाए रखने के लिए हम सब निरंतर उनके बीच आयेंगे और स्वच्छता में सहभागी बनते हुए शहर को स्वच्छतम शहर के रूप में स्थापित करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। अभियान के दौरान मुख्य रूप से पार्षद प्रतिनिधि अर्जुन गुप्ता,उपायुक्त आर पी बैस,स्वच्छता निरीक्षक संतोष तिवारी, सीटाडेल प्रोजेक्ट मैनेजर रावेंद्र सिंह सहित आईईसी टीम और नागरिक समूहों की उपस्थिति रही।

# बुनियादी ढांचे को बढ़ाने की दिशा में एक और कदम: रविंद

## निदेशक प्रचालन ने एनटीपीसी का किया निरीक्षण



**सिंगरौली।** एनटीपीसी के निदेशक प्रचालन रवींद्र कुमार ने राष्ट्र की विशालतम विद्युत उत्पादन परियोजना एनटीपीसी विंध्याचल का निरीक्षण किया । इस अवसर पर रवींद्र कुमार ने ऐश डाइक कार्बन टू मेथनॉल संयंत्र स्टेज 3 नियंत्रण कक्ष का दौरा किया तथा उससे संबन्धित कार्यों की समीक्षा की। साथ ही निर्देश दिया की कार्य को उच्च गुणवत्ता तथा सुरक्षा के साथ निष्पादित करें। भ्रमण के दौरान क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक उत्तरी क्षेत्र एनएस राव, कार्यकारी निदेशक प्रचालन सेवाएँ, सुभ्र कुमार घोष, कार्यकारी निदेशक विंध्याचल, ई सत्य फणि कुमार, मुख्य महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण, समीर शर्मा, मानव संसाधन प्रमुख विंध्याचल, राकेश अरोरा के अतिरिक्त परियोजना के अन्य महाप्रबंधकगण एवं वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। अपने निरीक्षण के दौरान एनटीपीसी के निदेशक प्रचालन रवींद्र कुमार ने स्टेज 1 और 2 एफजीडी के लिए नव स्थापित 33 केवी स्विचगियर का भी उद्घाटन किया, जो प्रचालन की बुनियादी ढांचे को बढ़ाने की दिशा में एक और कदम है। उनकी समीक्षा ने बिजली क्षेत्र में एनटीपीसी की नेतृत्व स्थिति को बनाए रखने में नवाचार और सर्वोत्तम प्रथाओं के महत्व को रेखांकित किया। परियोजना से प्रस्थान करने से पूर्व एनटीपीसी की पर्यावरण संरक्षण की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए सूर्य भवन परिसर में वृक्षारोपण किया ।


# चालानी कार्यवाही का शतक, 120 वाहनों का कटा चालान

**सिंगरौली।** जिले में हेलमेट को अनिवार्य करने के लिए एसपी निवेदिता गुप्ता के निर्देश पर शुक्रवार को यातायात थाना प्रभारी विद्यावरिधि तिवारी ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए चालानी कार्यवाही का शतक लगा दिया। ज़ी हां ट्रैफिक पुलिस ने करीब 120 लोगों के चालान काटे। पुलिस की ओर से चलाए गए अभियान के दौरान कई वाहन चालक वापस जाते भी नजर आए। यातायात प्रभारी ने जहां यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चलने कार्यवाही करते रहे तो वही नियमों का पालन करने वालों का मान और सम्मान भी बढ़ाया। गौरतलब है कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम



एवं यातायात नियमों के प्रति आम जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के तहत यातायात पुलिस ने शहर के माजन मोड़, इंदिरा चौक, अंबेडकर चौक, मस्जिद तिराहा, कॉलेज तिराहा, अमलोरी तिराहा, जयंत बस पड़ाव सहित सहित कई स्थान पर सघन चेकिंग अभियान करते हुए यातायात का उल्लंघन करने वाले चालको पर चालानी कार्यवाही की। इस दौरान बिना दो पहिया वाहन चालकों को बिना हेलमेट, तीन सवारी, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग,नम्बर प्लेट निर्धारित मानक अनुरूप ना होना, बिना अनुमति के वाहनों मोडिफिकेशन कराना,बुलेट मोटरसाइकिल में मॉडिफिकेशन साइलेंसर लगाना, निर्धारित गति से तेज चालको, रेड लाईट सिग्नल तोड़ने, स्टंट ड्राइव, सीट बेल्ट का प्रयोग न करने और अपारदर्शी फिल्म लगाने बाले वाहन चालकों पर कार्यवाही की गई। साथ ही समझाइए देते हुए यातायात नियमों की जानकारी दी गई। वही चालानी कार्यवाही मे 40 हजार सम्मन शुल्क वसूला गया। पुलिस ने यह कार्यवाही बॉडी वार्म कैमरे की निगरानी की। यातायात थाना प्रभारी विद्या विधि तिवारी ने अपील करते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन कर सड़क दुर्घटनाओं से बचें। आपका परिवार घर में आपका इंतजार कर रहा है। इस कार्रवाई में विनय सिंह चौहान, पुष्पेंद्र चतुर्वेदी, उमेश बागरी सहित यातायात स्टाफ मौजूद रहा।

# बिना मुंडेर के कुएं में गिरा युवक, मौत, पंचायत की लापरवाही आई सामने



**सिंगरौली।** जिले भर में खुले बोरवेल और बिना मुंडेर के कुएं में गिरने से कई लोगों की मौत हो चुकी है जिसे लेकर कलेक्टर ने भले ही खुले बोर को बंद करने और बिना मुंडेर के कुएं में मुंडेर बनाने के निर्देश दिए हैं लेकिन जिले में कलेक्टर के आदेश की पोल तब खुल गई जब एक बिना मुंडेर वाली कुएं में गिरने से एक शख्स की मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार चितरंगी थाना क्षेत्र से करीब 15 किलोमीटर दूर ओडागी गांव के गड़ाई टोला में एक युवक की बिना मुंडेर के कुएं में गिरने से मौत हो गई। इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मौके पर चितरंगी थाना प्रभारी सुरेन्द्र यादव दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कुएं से बाहर निकालने जुट गए हैं। खबर लिखे जाने तक कुएं में गिरे युवक को बाहर नहीं निकाला जा सका था। वहीं युवक कब गिरा कैसे गिरा इस बात की तस्दीक नहीं हो पाई है। लेकिन इस घटना ने ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत की पोल खोल दी है।

# आप पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रतिभान का सम्मान समारोह 21 को, निकलेगी विशाल रैली

**सिंगरौली।** आम आदमी पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रतिभान प्रसाद को बनाए जाने पर जिलाध्यक्ष का सम्मान समारोह का आयोजन 21 अक्टूबर को रखा गया है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष की अगुवाई के लिए विशाल रैली भ्रमण का आयोजन किया गया है। आम आदमी पार्टी प्रदेश कार्यालय मध्य प्रदेश भोपाल के द्वारा बीते 4 अक्टूबर को रतिभान प्रसाद को सिंगरौली जिले का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। जिसके परिपेक्ष में सम्मान समारोह व भ्रमण रैली का आयोजन 21 अक्टूबर को सुनिश्चित किया गया है। बताया गया कि पार्टी जिला कार्यालय माजन मोड़ से जयंत नेहरू शताब्दी से अभेद आश्रम रोड होते हुए नवजीवन विहार से इंदिरा चौक से विंध्य नगर रोड होते हुए अंबेडकर जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण उपरोक्त माजन मोड़ पार्टी कार्यालय के पास रैली भ्रमण का समापन किया जाएगा। उक्त सम्मान समारोह व रैली में पार्टी के पदाधिकारियो के साथ-साथ कार्यकर्ताओं को पहुंचने की अपील की गई है।

# बरगवां स्टेशन तक ट्रेनों की संचालन के लिये सांसद ने रेल मंत्री को लिखा पत्र

**सिंगरौली।** विगत दिनों रेलवे द्वारा सिंगरौली से दिल्ली एवं सिंगरौली से भोपाल की ट्रेनों को गोंदवाली स्टेशन पर चल रहे मेंटीनेंस कार्यों के चलते निरस्त कर दिया गया था। क्षेत्र की जनता के हितों और सुविधाओं तथा आगामी त्योहारों को देखते हुए क्षेत्रीय सांसद डाक्टर राजेश मिश्रा ने इन ट्रेनों को बरगवां स्टेशन तक संचालन के लिए रेल मंत्री को पत्र लिखा है। सांसद ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि सिंगरौली जिले का मुख्य स्टेशन वर्तमान में बरगवां ही है जो कि जिला मुख्यालय बैढन् से सबसे समीप है। चूंकि तकनीकी समस्या गोंदवाली स्टेशन पर है और बरगवां तक का रेलवे ट्रैक निर्बाध है, अत: समस्त संचालित ट्रेनों को बरगवां तक तो चलाया ही जा सकता है। आगामी त्योहारों को देखते हुए इन ट्रेनों का संचालन नितांत आवश्यक है। सिंगरौली क्षेत्र में देश एवं प्रदेश के अन्य स्थानों के हजारों लोग निवासरत है तथा क्षेत्रीय लोगों का भी देश के विभिन्न स्थानों से आगामी त्योहारों पर घर वापसी होगी। अत: जन सामान्य की सुविधाओं को देखते हुए इन ट्रेनों का बरगवां स्टेशन तक संचालन बहुत ही सुविधाजनक होगा। सांसद ने रेल मंत्री से ट्रेन क्रमांक 12165,12166,12167,12168 तथा 11651 एवं 11652 का बरगवां रेलवे स्टेशन तक यथा शीघ्र नियमित संचालन का आग्रह किया है।

# विंध्याचल की यूनिट 3 ने निरंतर संचालन के साथ बनाया नया रिकॉर्ड

**सिंगरौली।** एनटीपीसी विंध्याचल के यूनिट 3 ने निरंतर 560 दिनों तक संचालन करके एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है, जो एनटीपीसी स्टेशनों में परिचालन उत्कृष्टता का एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह असाधारण उपलब्धि प्रचालन एवं अनुरक्षण टीम की समर्पण और सामूहिक प्रयासों को दर्शाती है। जिन्होंने यूनिट की प्रदर्शन को सुनिश्चित करने के लिए दिन रात काम किया है। कार्यकारी निदेशक विंध्याचल ई सत्या फणि कुमार और मुख्य महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण समीर शर्मा के



मजबूत नेतृत्व में प्रत्येक टीम सदस्य ने इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह उपलब्धि एनटीपीसी विंध्याचल की परिचालन उत्कृष्टता की दिशा में निरंतर प्रयास को दर्शाती है और इसे ऊर्जा क्षेत्र में अग्रणी के रूप में इसकी स्थिति को मजबूत बनाती है।

# जयंत क्षेत्र से नाबालिका को अगवा कर किया था दुष्कर्म

## पुलिस ने नाबालिका को दस्तयाब कर आरोपी को खुटार से किया गिरफ्तार

**सिंगरौली।** बीते माह सिंगरौली जिले के जयंत चौकी क्षेत्र से नाबालिका को बहला फुसलाकर अगवा करने और उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने नाबालिका को दस्तयाब करते हुए आरोपी को भी धर दबोचा है।

जानकारी अनुसार बीते 30 सितंबर को फरियादिता निवासी जैतपुर ने चौकी में रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसकी लड़की उम्र-17 वर्ष 08 माह घर से बैढन आयुष्मान कार्ड बनवाने गयी थी, जो वापस नही आयी, जिसकी पता तलाश आस पडोस एवं नाते रिश्तेदारी में किये लेकिन बच्ची का कही कोई पता नही चला है। मुझे संदेह है कि नवजीवन बिहार का संजय साकेत मेरी बच्ची को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 137(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी की पता तलाश की गई जो बीते 17 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली कि गुमशुदा थाना विन्ध्यनगर के इलाहाबादी होटल के पास खडी है, जिस पर तत्काल उसके परिजनो सहित मौके पर पहुंच कर गुमशुदा को दस्तयाब किया। धारा 180 बीएनएसएस के तहत गुमशुदा का कथन कराया गया एवं धारा 183 बीएनएसएस का कथन माननीय न्यायालय से कराया गया जिस पर गुमशुदा द्वारा बताया गया कि आरोपी उसे बहला फुसलाकर भगा ले गया था। तथा कई बार शारीरिक संबंध बनाना बताया गया जिस पर प्रकरण में आरोपी के विरूद्ध धारा 87, 64 (1) बीएनएस एवं 3/4 (1) पाक्सो एक्ट इजाफा किया गया तथा आरोपी संजय कुमार साकेत पिता रामलझू साकेत उम्र 23 वर्ष निवासी खुटार की लगातार तलाश की गई जो बीते 17 अक्टूबर को खुटार थाना बैढन में दस्तयाब हुआ जिससे घटना के संबंध में पूछतांछ की गई जिस पर आरोपी द्वारा घटना कारित करना स्वीकार किया, जिसे विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है, जिसे माननीय न्यायालय द्वारा न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक पी0एस0परस्ते के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी विन्ध्यनगर श्रीमती अर्चना द्विवेदी की सतत् निगरानी में चौकी प्रभारी जयंत सुधाकर सिंह परिहार व उनकी टीम सउनि राजवर्धन सिंह, उत्तम सिंह, श्यामबिहारी द्विवेदी, सउनि रवि गोस्वामी, प्रआर सुनील मिश्रा, कुनाल सिंह, प्रआर सतीश मिश्रा, सिरदेलाल उइके, आर महेश पटेल की सराहनीय भूमिका रही।

# निर्माणाधीन कार्यो को समय पर गुणवत्ता के साथ पूर्ण करे : कलेक्टर

## क्रय समिति गठित कर बाजार मूल्य के अनुसार सामंग्री क्रय किया जाना सुनिश्चित किया जायेः शुक्ला

**सिंगरौली।** नगरीय क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यो को को समय पर गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जायें। साथ निर्धारित मापदण्डो और स्टीमेंट के आधार पर ही निर्माण कार्यो को पूर्ण किया जाये गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नही किया जायेगा। उक्त आशय के निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित नगर निगम क्षेत्रांतर्गत चल रहे निर्माण कार्यो सहित साफ सफई व्यवस्था तथा जन कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला के द्वारा नगर निगम आयुक्त को दिया गया।

बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर द्वारा नगरीय क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना बीएलसी घटक एवं ए.एचपी घटक के क्रियान्वन के प्रगति की समीक्षा करते हुये



निर्देश दिये गये कि पीएम आवास योजना के आधूरे निर्माण कार्यो का सर्वे कराकर कार्य को पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित किया जाये। कलेक्टर ने नगरीय क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यो के प्रगति की जानकारी पश्चात निर्देश दिये कि चल रहे निर्माण कार्यो को समय पर गुणवत्ता के साथ समय पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करे। यदि निर्माण कार्य गुणवत्ता विहीन किया गया तो संबंधित एजेंसी सहित उक्त जोन के सहायक एवं उपयंत्री जो भी जिम्मेदार होगे उनके विरूद्ध कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करे। कलेक्टर ने नगर की साफ सफाई व्यवस्था को दूरूस्त रखने के लिए आवश्यकता अनुसार आउटसोर्स के माध्यम से सफाई कर्मियो को रखे जाने का निर्देश दिये। साथ ही शहर की सफाई व्यवस्था को चुस्त दूरूस्त बनाये रखने के साथ साथ नालियो में किटनाशक दवाईयों का छिड़काव कराये जाने के भी निर्देश दिये। कलेक्टर ने दीनदयाल रसोई योजना के तहत गरीबो को दिये जाने वाले भोजन के गुणवत्ता की जॉच किये जाने के भी निर्देश दिये। तथा संजीव क्लीनिको को समय सीमा प्रारंभ कराये जाने हेतु कार्यवाही करने के भी निर्देश दिये। वही नगर परिषद बरगिवा के सीएमओ को निर्देश दिये कि विगत जनवरी 2024 से अभी तक जो भी सामंग्री नगर परिषद द्वारा क्रय किया गया है उसका लेखा जोखा प्रस्तुत किया जाये। बैठक के दौरान नगर निगम आयुक्त डी.के शर्मा के द्वारा नगरीय क्षेत्र में किये जा रहे विकास कार्यो के संबंध में कलेक्टर को अवगत कराया गया। इस दौरान कार्यपालन यंत्री नगर निगम व्हीपी उपाध्याय, उपायुक्त आरपी बैस, सहायक यंत्री विपिन तिवारी, सहायक यंत्री अमिताभ यादव सहित नगर निगम के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# शासकीय कन्या महाविद्यालय में संभाग स्तरीय महिला वॉलीबाल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ




**सीधी**

मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के खेल कैलेंडर के अनुसार दिनांक 18.10.2024 को शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी में संभाग स्तरीय महिला वॉलीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ पी0 के0 सिंह प्राचार्य प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस संजय गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी, डॉ रामभूषण मिश्रा संचालक शारीरिक शिक्षा विभाग अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा थे। कार्यक्रम के अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर ओ0 पी0 नामदेव ने की। दो दिवसीय संभाग स्तरीय महिला वॉलीबाल प्रतियोगिता का पहला मैच रीवा और सतना के मध्य खेला गया जिसमें रीवा की टीम दोनों सेट जीतकर मैच अपने नाम किया, तत्पश्चात सतना और शहडोल के मध्य दूसरा मैच खेला गया जिसमें सतना की टीम दोनों सेट जीत के मैच अपने नाम किया। इसके बाद सीधी और शहडोल के बीच मैच खेला गया जिसमें सीधी की टीम मैच जीत गई। प्रथम दिन का चौथा मैच रीवा और सीधी के बीच खेला गया जिसमें रीवा की टीम दोनों सेट जीत के सीधी को हराया।

खबर लिखे जाने तक रीवा 3 मैच, सीधी दो, सतना एक मैच जीत चुकी थी एकमात्र टीम शहडोल थी जो की एक भी मैच नहीं जीत सकी।

## अमानक बीज पाए जाने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी

**सीधी।** अनुज्ञप्ति अधिकारी एवं उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने जानकारी देकर बताया है कि मे. किसान बीज भण्डार प्रो. दीपनारायण तिवारी ग्राम कुचवाही वि.ख. सिहावल के बीज विक्रय एवं भण्डारण प्रतिष्ठान से दिनांक 20.07.2024 को तिल-विभूति 999 रिसर्च लाट नम्बर यूएसजे/डीजीबी77 /3007/ 2778 (कोड नम्बर-पीएलएस-56) तिल का नमूना लिया जाकर परीक्षण हेतु बीज परीक्षण प्रयोगशाला रीवा भेजा गया था। बीज परीक्षण प्रयोगशाला रीवा के द्वारा प्राप्त विश्लेषण रिपोर्ट के आधार पर उक्त नमूना का परिणाम अमानक पाया गया है। उन्होने बीज नियंत्रण आदेश 1983 का पालन में उक्त तिल-विभूति 999 पीएलएस-56 का भण्डारण एवं विक्रय प्रतिबंधित किया है। उन्होने मे. किसान बीज भण्डार प्रो. दीपनारायण तिवारी ग्राम कुचवाही वि.ख. सिहावल अमानक तिल-विभूति 999 रिसर्च लाट नम्बर यूएसजे /डीजीबी77/ 3007/ 2778 (कोड नम्बर-पीएलएस-56) आनन्द बायोटेक सुदामा नगर इन्दौर म.प्र. के भण्डारण एवं विक्रय के कारण कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर 07 दिवस के अंदर तर्क संगत जवाब उचित माध्यम से चाहा गया है। तर्क संगत जवाब उचित माध्यम से प्राप्त नहीं होने पर संबंधित के विरूद्ध एक पक्षीय वैधानिक कार्यवाही का निर्णय लिया जावेगा।

# प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना का लाभ लेने पोर्टल पर करायें पंजीयन

**सीधी।** सहायक संचालक मत्स्योद्योग सीधी ने जानकारी देकर बताया है कि प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना अंतर्गत मत्स्य पालन व्यवसाय से जुड़े मछुआरों, मत्स्य कृषकों, मत्स्य विक्रेताओं, मत्स्य सहकारी समितियों/मछुआ समूह के सदस्यों एवं मत्स्य उद्यमियों के लिये नेशनल फिशरीज डिजीटल प्लेटफार्म तैयार किया गया है। उक्त पोर्टल पर मत्स्य व्यवसाय से जुड़े सभी व्यक्तियों का पंजीयन किया जाना है। इस पोर्टल का उद्देश्य मत्स्यपालन के व्यवसाय से जुड़े समस्त हितधारकों को एक प्लेटफार्म पर लाना है।

पंजीयन हेतु एनएफडीपी पोर्टल की वेबसाइट है जहाँ व्यक्तिगत तथा संस्था के रूप में पंजीयन के लिए विकल्प उपलब्ध हैं। व्यक्तिगत पंजीयन के लिए आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, बैंक पासबुक तथा आधार से लिंकड मोबाइल नंबर हैं जबकि संस्था के रूप में पंजीयन हेतु समितिध्समूह का पैन कार्ड तथा पंजीयन प्रमाण पत्र आवश्यक हैं।

उक्त पंजीयन हितग्राही द्वारा स्वयं अथवा अपने आस पास उपलब्ध कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) से कराया जा सकता है तथा पंजीयन हेतु कोई शुल्क देय नहीं है। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय सहायक संचालक मत्स्योद्योग, जिला-सीधी (वीथिका परिसर, कलेक्ट्रेट के सामने में कार्यालयीन समय में संपर्क किया जा सकता हैं।

## मिलावटी मिठाइयों एवं अन्य खाद्य सामग्रियों की जांच के निर्देश जारी

**सीधी।** त्यौहारों के दौरान दुकानदारों द्वारा मिलावटी मिठाइयों एवं अन्य खाद्य सामग्रियों की बिक्री की जाती है, जिसको खाने से लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। उपरोक्त स्थिति को दृष्टिगत रखते हुये अपर जिला दण्डाधिकारी द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि जांच दल गठित कर जिला अंतर्गत समस्त दुकानों एवं प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर उपलब्ध समस्त खाद्य सामग्रियों की सैम्पलिंग की जावे एवं जॉच पश्चात दोषी पाये जाने वाले संचालकों पर आवश्यक कार्यवाही करते हुये प्रतिवेदन कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अधिकारी जिला सीधी (म.प्र.) को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

## नगर में संघ ने निकाला पथ संचालन, लोगों ने किया पुष्पवर्षा

**सीधी।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के बैनर तले सीधी नगर में संघ स्थापना दिवस एवं विजयदशमी पर पथ संचलन का आयोजन किया गया। जिसमें नगर की सभी शाखाओं के स्वयं सेवक शामिल हुये। स्थानीय पूजा पार्क में बौद्धिक का कार्यक्रम हुआ एवं यहीं से संचलन प्रारम्भ हुआ और नगर के प्रमुख चौक-चौराहो से होते हुये पुनः पूजा पार्क में समाप्त हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी एवं प्रतिष्ठित व्यवसायी विनय सिंह वीनू, मुख्य वक्ता के रूप में शुभम जिला प्रचारक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ सीधी एवं प्रतिष्ठित व्यवसायी संजीव श्रीवास्तव नगर संघ चालक के रूप में मंचासीन थे। वाल्मिकी जयंती के अवसर पर समाज में वाल्मिकी जी के योगदान को भी स्मरण किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत वसुदेव कुटुंबकम के सिद्धांत को अपना आदर्श वाक्य मानता है और इसी के आधार पर हम समूचे विश्व को अपना परिवार मानते हैं। वैश्विक स्तर पर जो भी परिवर्तन होता है वह कहीं ना कहीं प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से भारत को भी प्रभावित करता है। यह सोच भारत को विश्व पटल पर एक विकसित राष्ट्र के रूप में प्रस्तुत करता है। उन्होने कहा कि आज विश्व में संघ का डंका बज रहा हैं। लेकिन इसके पीछे कई स्वयंसेवकों ने अपने जीवन की आहुति दी है। यह इतना आसान नहीं था जितना आज दिखता है। हम अब और तेजी से समाज में परिवर्तन लाने की दिशा की ओर बढ़ रहे हैं। इसीलिए शताब्दी वर्ष में हम अब पांच परिवर्तन के सिद्धांत पर कार्य करने जा रहे हैं। इस पंच परिवर्तन में पांच आयाम शामिल किए गए हैं। उद्बोधन के बाद संचलन पूजा पार्क से प्रारंभ होकर सम्राट चौक, कोतवाली रोड, पुराना हनुमान मंदिर, फूलमती मंदिर, पटेल पुल, लालता चौक, गांधी चौक होते हुये पुनः पूजा पार्क में समाप्त हुआ। पथ संचलन के दौरान नगर वासियों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनो ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर संचलन का स्वागत किया। उक्त संचलन में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन का भी सहयोग रहा।

# आम आदमी पार्टी की नवीन जिला कार्यकारणी की बैठक सम्पन्न

**सीधी।** प्रेस विज्ञप्ति जारी कर आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष आनंद मंगल सिंह ने बताया की आज आम आदमी पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री जितेंद्र चौरसिया का आज सीधी आगमन हुआ और कार्यकर्ता और पदाधिकारियों के साथ संगठन को मजबूत बनाने की रणनीति पे विस्तार से चर्चा की और सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान समारोह सम्पन्न हुआ। जारी विज्ञप्ति में प्रदेश संगठन मंत्री श्री चौरसिया जी ने सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को संगठन के साथ साथ जनहित के मुद्दों को उठाना उनके अधिकारों के आंदोलन खड़ा करने के भी निर्देश दिए। बैठक के दौरान प्रदेश संगठन मंत्री ने संगठन को और




अधिक मज़बूत करने के लिए जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय रूप से जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि पार्टी का लक्ष्य न सिर्फ संगठन का विस्तार करना है, बल्कि जनता के मुद्दों को प्रमुखता से उठाना और जनता तक पार्टी की नीतियों को पहुँचाना भी है। संगठन मंत्री ने कार्यकर्ताओं को आगामी योजनाओं को जमीनी स्तर पर उतारने के लिए तैयार रहने और संगठनात्मक ढांचे को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। बैठक में प्रदेश सचिव राम चरण सोनी, प्रदेश सह सचिव राम विशाल विश्वकर्मा, विवेक कुमार सोनी, अनूपपुर से विनोद सेन, भरत शिवहरे, अयोध्या प्रसाद पटेल जी उपस्थित रहे। यह बैठक सीधी में आप के स्थानीय कार्यालय के उद्घाटन उपरांत आयोजित की गई, जहाँ दर्जनों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और संगठन की मजबूती के लिए अपने विचार साझा किए। बैठक में सीधी जिलें के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष आनंद मंगल सिंह, यूथ विंग जिलाध्यक्ष विवेक सिंह, महिला विंग जिलाध्यक्ष प्रज्ञा सिंह, एसटी विंग जिलाध्यक्ष तिलकराज सिंह, एससी विंग जिलाध्यक्ष राजकुमार कोरी, अल्पसंख्यक विंग जिलाध्यक्ष मजीद खान भोले, जिलाउपाध्यक्ष जीवेंद्र सिंह चंदेल शिबू, अजय शर्मा , कौशल बहरोलिया, जमुना सिंह, राजेश साहू, जिला सचिव साजन अग्रहरि, कोषाध्यक्ष लक्ष्मीकांत नामदेव, संदीप सिंह कार्यालय प्रभारी, चंद्रमा राम द्विवेदी, रामपाल बंसल, आत्मा राम प्रजापति, भगत सिंह, सफीक मंसूरी, प्रदीप सिंह, अर्पित त्रिपाठी, शिवकुमार साहू, रामराज साहू, आदित्य प्रजापति, रानी सिंह,सियावती सिंह, स्नेहा सिंह, शुभम गोस्वामी एवं सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बीएमएस ट्रेड यूनियन द्वारा धरना प्रदर्शन आयोजित

**सीधी।** भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध अल्ट्राटेक सीमेंट कर्मचारी एवं खदान श्रमिक संघ मझिगवां जिला सीधी मध्यप्रदेश ट्रेड यूनियन द्वारा अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड की इकाई सीधी सीमेंट प्लांट में कार्यरत श्रमिकों, कर्मचारियों तथा कामगारों की समृद्धि हेतु पूर्व में प्रेषित किए गए ध्यानाकर्षण तथा स्मरण पत्र एवं मांग पत्रों के समर्थन में 18 अक्टूबर 2024 को आयोजित किया गया। धरना प्रदर्शन तीन घंटे की समयावधि के अंतराल में प्लांट प्रबंधन की सकारात्मक कार्यवाही उपरांत सैकड़ों श्रमिकों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। श्रमिकों के हितार्थ यूनियन द्वारा प्रेषित किए गए मांग पत्रों को यूनिट प्रमुख द्वारा संज्ञान में लिये जाने तथा एक सप्ताह की समयावधि में यूनियन प्रबंध कार्यकारिणी के साथ सकारात्मक वार्ता कर समुचित निर्णय लिए जाने संबंधी प्रबंधन के प्रशासनिक तथा ईआर विभाग के प्रबंधकीय अधिकारी द्वय के लिखित आश्वासन उपरांत भारतीय मजदूर संघ की रीति-नीति को परिभाषित करते हुए कार्यक्रम का समापन यूनियन अध्यक्ष वीरभानु सिंह द्वारा किया गया। तत्संबंधी जानकारी से अवगत कराते हुए बताया गया कि यूनियन की ओर से कहा गया है कि सामयिक रूप में इसी माह में श्रमिकों को दिये जाने वाले वार्षिक बोनस राशि को पूर्व की भांति नियत मनमाफिक राशि के रूप में श्रमिकों को नहीं दिया जाना चाहिए। उक्त के संबंध की वार्ता उपरांत बोनस बढ़ोतरी राशि जो भी तय हो जाय, उसी अनुसार श्रमिकों को दिया जाय। साथ ही अन्य सभी श्रेणीबद्ध श्रमिकों के हित मूलक मांगों को समुचित तरीके से प्रबंधन द्वारा मान्य किया जाकर उसे कार्य रूप में परिणित किया जाय, अन्यथा पूर्व की भांति दिए गए आश्वासन के विरुद्ध प्रबंधन द्वारा किए गए कार्यों की पुनरावृत्ति को यूनियन की ओर से बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। ऐसी स्थिति में यूनियन काम एवं कारोबार बंद कर हड़ताल करने हेतु बाध्य रहेगा। उन्होंने कहा कि भारतीय मजदूर संघ अशांतिपूर्ण वातावरण निर्मित कर कदाचरण जैसे कृत्यों से पृथक रहते हुए देश हित, उद्योग हित तथा श्रमिक हित में कार्य करने पर बल देकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में समरसता पूर्ण कार्य संपादित करने का धनी है। जिसके बलबूते कुप्रबंधन कार्य शैली तथा श्रमिक विरोधी गतिविधियों को समाप्त करने तथा श्रमिकों को मानसिक, शारीरिक, आर्थिक रूप से मजबूत करने तथा उन्हें शोषण मुक्त कराने की दिशा में युद्ध स्तर पर कार्य करने पर विश्वास करता है। उन्होंने कहा कि कार्यरत श्रमिकों को मूल भूत तथा बुनियादी एवं औद्योगिक प्रतिष्ठान के विहित प्रावधानों के लाभ तथा सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं से प्रबंधकीय हठधर्मिता तथा श्रमिक विरोधी हथकंडे निर्मित कर श्रमिकों को वंचित नहीं किया जा सकता।

## कमिश्नर ने औद्योगिक निवेश के लिए उद्योगपतियों से किया संवाद

**सीधी।** रीवा में 23 अक्टूबर को रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। इस सिलसिले में रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने उद्योगपतियों से कमिश्नर कार्यालय में आयोजित बैठक में संवाद किया। संभाग के अन्य जिलों के कलेक्टर एवं उद्योगपति वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए। कमिश्नर ने कहा कि विन्ध्य में प्राकृतिक संसाधन भरपूर हैं। उद्योगों की स्थापना के लिए यहाँ पूरे अवसर हैं। इन अवसरों को अमलीजामा पहनाने का समय आ गया है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी की विशेष पहल पर 23 अक्टूबर को रीवा में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। अब विन्ध्य में औद्योगिक निवेश के लिए सकारात्मक वातावरण का निर्माण हो रहा है। मुख्यमंत्री जी 20 अक्टूबर को एयरपोर्ट के लोकार्पण समारोह स्थल पर भी संभाग के उद्योगपतियों से क्षेत्र के औद्योगिक विकास के संबंध में संवाद करेंगे।

बैठक में कमिश्नर ने कहा कि उद्योगपतियों ने धान की मिलिंग नीति, बिजली की आपूर्ति में सुधार, औद्योगिक क्षेत्र में दोहरा कराधान तथा अधोसंरचना विकास सहित जो भी मुद्दे उठाए हैं उन्हें यथा शीघ्र हल करने का प्रयास किया जा रहा है। सभी नीतिगत मुद्दों को वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। औद्योगिक निवेश तथा उद्योगों के विकास की सभी बाधाएँ दूर की जाएंगी। संभाग के सभी उद्योगपति 20 अक्टूबर की बैठक तथा 23 अक्टूबर को आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में भाग लेने के लिए आमंत्रित हैं। सब मिलकर विन्ध्य के विकास के लिए विचार मंथन कर उन्नति का मार्ग प्रशस्त करेंगे। बैठक में उद्योगपति राजीव खन्ना, मोहित टंडन, रंजन गुप्ता, दिलीप सिंह, नीलेश तिवारी, रामचन्द्र अग्रवाल, देवेन्द्र पाण्डेय, शिवेन्द्र शुक्ला तथा अन्य उद्योगपतियों ने उपयोगी सुझाव दिए।

# सहकार ग्लोबल को जिले में मिला रेत का टेंडर

### 83 करोड़ 83 लाख का जारी किया गया था टेंडर

**सीधी**

जिले के डेढ़ दर्जन रेत खदानों को लेकर उठापटक कई दिनों से चल रही थी जिसमें कि अंततः सहकार ग्लोबल के ठेकेदार को 83 करोड़ 83 लाख रुपए का टेंडर तीन वर्ष के लिए विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। जबकि इस मामले में कई लोग खासकर भाजपा के अधिकतर नेता प्रयास में लगे रहे लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिल पाई है। इसके पहले शहडोल एवं सिंगरौली में सहकार ग्लोबल कंपनी ने कब्जा जमाया था अब सीधी में भी उनका कब्जा हो गया है। जाहिर है कि रेत के अवैध उत्खनन में पहले भी उनके खिलाफ काफी शिकायतें थीं अब तो तीन जिला एक साथ हो गए हैं जिससे संबंधित ठेकेदार की मनमानी और ज्यादा बढ़ेगी।

मालूम हो कि सहकार ग्लोबल कंपनी इंदौर की बताई जा रही है जो कि विंध्य क्षेत्र सहित सीधी जिले में भी टोल प्लाजा में उनका काम हो रहा है। उनके माध्यम से टोल प्लाजा का काम लगातार जारी है। यह कंपनी सिंगरौली जिले से मानी जाती है। जिसमें कि इसके पहले भी सहकार ग्लोबल कंपनी शहडोल सहित कुछ जगह रेत का खदान ली थी इस बार अब वह सीधी जिले की 18 रेत खदानों को लेकर टेंडर हांसिल करने में सफलता अर्जित कर चुकी है। देखा जाए तो रेत खदान का टेंडर इस बार काफी विलंब हुआ है। इसके पहले 30 सितंबर को टेंडर होने की तिथि तय थी लेकिन अब सत्ता के नेताओं की आपसी खींचातानी की वजह से 9 अक्टूबर इसके बाद 16 अक्टूबर को टेंडर की प्रक्रिया बढ़ाई गई। लेकिन 18 अक्टूबर को टेंडर प्रक्रिया पूरी हो गई है जिसमें कि सहकार ग्लोबल को जिले के रेत का खदान मिल गया है। विभाग द्वारा बताया गया है कि यह पूरी प्रक्रिया खनिज विभाग में टेंडर लगाने के बाद होता है। जिसमें कि खनिज विकास निगम का पूरा दायित्व रहता है।

### पहले भी 83 करोड़ का हुआ था टेंडर

इसके पहले जिस कंपनी ने रेत का ठेका सीधी में लिया था वह 83 करोड़ से ऊपर था लेकिन साल भर बाद घाटे में होने की वजह से संबंधित संविदाकार द्वारा सरेंडर कर दिया गया। यही वजह है कि नए टेंडर की प्रक्रिया अब जारी की गई थी। जानकारी के अनुसार इस मामले में आधा दर्जन संविदाकारों ने काफी प्रयास भी किया कि हमें सफलता अर्जित हो परंतु सीधी जिले के नेताओं की दाल रेत में टेंडर को लेकर नहीं दिखी और सहकार ग्लोबल के ठेकेदार को यह टेंडर हांसिल हो गया।

# जिन्होने नहीं दी फूटी कौड़ी, वह उठा रहे सवाल : रीती

### विकास के मामले में संसदीय क्षेत्र में नहीं बजट देने से परहेज

**सीधी।** पूर्व सांसद एवं सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने पूर्व राज्यसभा सांसद अजय प्रताप के उस बयान पर टिप्पणी किये कि जिन्होने राज्यसभा सासंद रहते हुए संसदीय क्षेत्र में फूटी कौड़ी नहीं दी आज वह सरकार के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। उन्होने कहा कि विकास की एक अलग परिभाषा होती है। हमने विकास की रूपरेखा तैयार किया। आज सामने दिख रहा है लेकिन राज्यसभा सांसद अजय प्रताप ने रेलवे में अधिग्रहीत जमीन में लोगों की नौकरी छीनने का काम किया है।

विधायक श्रीमती रीती पाठक ने कहा कि हम 10 वर्षों तक सांसद रही हूं हमारे कार्यकाल से रेलवे का काम जोर से चला है। शिक्षा व्यवस्था भी अच्छी रही है। अजय प्रताप की टिप्पणी को लेकर विधायक का कहना है कि उनकी परिभाषा अलग है। उसमें मैं ज्यादा जाना नहीं चाहती। इतना जरूर कहूंगी कि क्षेत्र में विकास का काम हुआ है लेकिन अजय प्रताप ने विकास के नाम पर सीधी संसदीय क्षेत्र में फूटी कौड़ी नहीं दिए हैं। उन्हीं की वजह से अधिग्रहीत जमीन में लोगों को नौकरी नहीं मिल पाई है। मैं 10 साल से सांसद रहते हुए सामाजिक-राजनीतिक सहित सरकार के हर काम में निर्णायक कदम उठाई हूं।

इस संबंध में विधायक श्रीमती रीती पाठक ने कहा कि पूर्व राज्यसभा सांसद का टिप्पणी करना उनका धर्म एवं कर्तव्य है। लेकिन मैं तो यह मानती हूं कि भाजपा की युवा से लेकर राजनीति में अब तक वह राज्यसभा में नामांकित हुए, यह किसकी देन है। शारीरिक अक्षस्थता के कारण उन्हें भाजपा ने महत्व दिया है। जबकि वह दो बार भाजपा में टिकट के बाद चुनाव हार गए। एक बार जीते थे, ऐसे में वह गोंणवाना गणतंत्र पार्टी में जाते हैं।



अब इसके बाद सवाल उठाना उनके लिए कदापि उचित नहीं है। अब उनके पास कोई काम बचा नहीं है।

सीधी विधायक श्रीमती रीती पाठक ने पूर्व राज्यसभा सांसद अजय प्रताप के ऊपर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि विकास की परिभाषा आप उनसे पूंछिए वह क्या विकास किए हैं। यहां तक कि रेलवे में जो जमीन अधिग्रहीत थी उन किसानों की नौकरी छीनने का काम किए हैं। वह लगातार सदन में आवाज उठाते रहे कि जमीन टुकड़े-टुकड़े में बंट गई है। जिस वजह से नौकरी न दिलाई जाए। उन्होने परियोजना के तहत कई काम में भी बाधा पैदा किए हैं।

श्रीमती रीती पाठक ने कहा कि मेडिकल कॉलेज को लेकर अजय प्रताप का सवाल उठाना औचित्यहीन है। हम इसके लिए पूरी जमीन को लेकर काम कर रही हूं। पहला चरण यह है कि कम रजिस्ट्री हुई है। जितनी जमीन आरक्षण होना तय था उससे ज्यादा आरक्षित करने के लिए पहल कर रही हूं। ऐसे में मेरा प्रयास है कि मेडिकल कॉलेज का शीघ्र संचालन किया जाए इसके लिए मैं पूरा प्रयास कर रही हूं। सरकार जिस तरह से मेडिकल कॉलेज का संचालन करेगी वह आने वाले दिनों में शुरू होगा। विधायक रीती पाठक ने एक सवाल का जवाब देते हुए कहा कि उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला ने विकास की नई गाथा विंध्य क्षेत्र में रची है। जब वह भाजपा में राज्यसभा सांसद थे तब उनकी बोलती बंद थी लेकिन अब उनके पेट में दर्द क्यों हो रहा है। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला ने गोपद नदी का लोकार्पण किया। सरकार की व्यवस्था है कि आगे क्या काम करना है। उन पर उंगली उठाने का सवाल नहीं उठता। हम एवं हमारी सरकार व्यवस्था को लेकर पूरा काम कर रही है। आने वाले दिनों में सीधी-इक्षसगरौली फोरलेन सडक् बनेगी एवं उसका भव्य लोकार्पण कराया जाएगा। विधायक ने कहा कि सांसद निधि में उनकी आत्मा से पूंछिए कि सीधी संसदीय क्षेत्र में कितना राशि खर्च किए हैं। परियोजना में नाम जोडना एवं तोड़ मरोड़ कर लोगों को नुकसान पहुंचाने का काम उनके द्वारा किया गया है। सरकार अपने हिसाब से काम कर रही है।

## संपादकीय

### महंगाई की मार, खुदरा दर में हुई बढ़ोत्तरी

देश की आर्थिक स्थिति के आकलन में एक जरूरी पक्ष यह भी होना चाहिए कि आम लोग खानेपीने की चीजें खरीदने और उपभोग करने में कितना सहज महसूस करते हैं। मगर पिछले कुछ वर्षों से बाजार में जरूरी वस्तुओं की महंगाई की जैसी हालत है, उसमें लोगों के लिए अपना दो वक्त का उचित भोजन जुटा पाना एक चुनौती बन गई है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय यानी एनएसओ की ओर से जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक, खानेपीने का सामान महंगा होने की वजह से खुदरा महंगाई सितंबर महीने में बढ़ कर 5.49 फीसद पर पहुंच गई। पिछले नौ महीने में खुदरा महंगाई का यह सबसे ऊंचा स्तर है। इस पर काबू पाने के सरकारी दावों के बरक्स हकीकत क्या है, इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि भारतीय रिजर्व बैंक लगातार खुदरा महंगाई दो फीसद की कमी या बढ़ोतरी के साथ चार फीसद के स्तर पर बनाए रखने की कोशिश कर रहा है। मगर यह चार फीसद की उस सीमा के पार पहुंच गई है। गौरतलब है कि बीते कुछ समय में रोजमर्रा की जरूरतों, खासकर खानेपीने की चीजों की कीमतों में तेजी से इजाफा हुआ है। महंगाई के मोर्चे पर कभी थोक बाजार के आंकड़ों में राहत के संकेत दिखाए जाते हैं, लेकिन हकीकत यह है कि जरूरी चीजों की खुदरा कीमतों पर इसका शायद ही कोई बड़ा असर दिखता है। रोजगार और आय में कमी, इसके स्रोतों की अनिश्चितता या लंबे समय से स्थिरता की वजह से ज्यादातर लोगों के सामने खानेपीने के सामान की कीमतें चुनौती बन गई हैं और कुछ भी खरीदते हुए लोगों को अपनी क्रयशक्ति के बारे में सोचना पड़ता है। हालत यह है कि बाजार में सब्जियों की कीमतें जिस तरह आसमान छू रही हैं, उसमें बहुत सारे लोगों के लिए जरूरत से काफी कम खरीदना मजबूरी हो गई है। यह स्थिति तब है जब खानेपीने की चीजों को प्राथमिकता देने के क्रम में लोग कई बार घरेलू या अन्य जरूरतों को पूरा करने का मामला टाल देते हैं।

**पिछले एक हफ्ते से मैं पुराने बस्तर जिले में घूम रहा हूं। पिछले कुछ समय में यह सात जिलों में बंट चुका है। मुझे याद आता है, अपने छात्र जीवन का बस्तर, जो सैकड़ों मील दूर रहने वाले मुझ जैसों के लिए हकीकत से अधिक फसाना होता था। किसी शहरी के लिए आदिवासी एक खास तरह की रोमांटिक और सपनीली दुनिया के अंग होते थे। उन दिनों की लोकप्रिय पत्रिकाओं धर्मयुग और साप्ताहिक हिन्दुस्तान में हम नृत्य करते और चावल की शराब पीकर झूमते आदिवासियों को किसी दूसरे लोक का प्राणी समझते। विवाह पूर्व रिश्तों से जुड़ी उनकी संस्था 'घोटुल' हमें किसी कल्पना-लोक की चीज लगती थी।**

# बदलाव की ओर कदम बढ़ाता बस्तर

(विभूति नारायण राय, पूर्व आईपीएस अधिकारी)

बस्तर में बाजार पहुंच गया है। बाजार तो पहुंचता ही पर माओवादियों ने इस प्रक्रिया को थोड़ा विलंबित कर दिया था। अब जब सशस्त्र संघर्ष के जरिये राज्य मशीनरी पर कब्जा करने का सपना अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है, इस आंदोलन के धुर विरोधी भी मानते हैं कि यदि आदिवासियों ने हथियार न उठाए होते, तो इस बात की पूरी आशंका थी कि राज्य ने उन्हें हाड़-मांस का पुतला न समझकर सिर्फ संग्रहालयों में सजाकर रखने वाली चीज समझा होता। सुदूर जंगलों और पर्वतों पर फैले इनके गांवों को सड़कों, बिजली, स्कूलों या अस्पतालों की भी जरूरत हो सकती है, यह समझने में भारतीय राज्य को काफी समय लगा।

पिछले एक हफ्ते से मैं पुराने बस्तर जिले में घूम रहा हूं। पिछले कुछ समय में यह सात जिलों में बंट चुका है। मुझे याद आता है, अपने छात्र जीवन का बस्तर, जो सैकड़ों मील दूर रहने वाले मुझ जैसों के लिए हकीकत से अधिक फसाना होता था। किसी शहरी के लिए आदिवासी एक खास तरह की रोमांटिक और सपनीली दुनिया के अंग होते थे। उन दिनों की लोकप्रिय पत्रिकाओं धर्मयुग और साप्ताहिक हिन्दुस्तान में हम नृत्य करते और चावल की शराब पीकर झूमते आदिवासियों को किसी दूसरे लोक का प्राणी समझते। विवाह पूर्व रिश्तों से जुड़ी उनकी संस्था 'घोटुल' हमें किसी कल्पना-लोक की चीज लगती थी। ऐसा लगता कि रात भर नाचते-गाते, ढोल-नगाड़ा बजाते और जंगलों में प्रकृति के सान्निध्य में खिलखिलाते वनवासियों के जीवन में कोई दुख नहीं है। यह तो अपने एक सहपाठी से पहली बार पता चला कि पत्रिकाओं के रंगीन पृष्ठों पर पसरी हंसती खिलखिलाती तस्वीरों वाले आदिवासियों के पीछे खड़े पहाड़ दुखों के हैं। जिन जंगलों में वे रहते हैं, उन पर कब्जा हत्यारों और बलात्कारियों का है।

मेरे उस सहपाठी के पर-बाबा पूर्वी उत्तर प्रदेश के किसी गांव से रोजी-रोटी की तलाश में निकलकर आज के बीजापुर जिले के जंगलों में छिपे किसी दुर्गम पहाड़ी गांव में बिला गए। वर्षों बाद जब वह एक सुबह अपने गांव में प्रकट हुए, तो उनकी गठरी-मोठरी में ग्रामीणों को चकित कर सकने वाली संपदा थी, जो उन दिनों के चलन के मुताबिक अलग-अलग अंगों पर चढ़े वस्त्रों में सावधानी से सिली हुई थी। इनके अलावा उनके पास कहानियों के खजाने थे, जो अलग-अलग वय के लोगों के लिए अलग रंगों की दुनिया लिए हुए थीं। मसलन, बच्चों को यह रहस्य बड़ा मनोरंजक लगता कि आदिवासी इतने 'भोले' थे कि एक मुट्ठी नमक के बदले वे उनसे लढ़ी (बैलगाड़ी) भर चिरौंजी, इमली, शहद, लाख या तेंदू पत्ते ले लेते थे। कस्बों में मंडियां थीं, जहां तक वे माल पहुंचाते और फिर वहां से आढ़तिए उसे विशाखापत्तन या रायपुर ले जाते। बच्चों को दूर हटाकर वे अपने हमउम्रों को आंखें मटका-मटकाकर उन औरतों के बारे में बताते थे, जो पुलिस, जंगलात या



राजस्व कर्मचारियों के साथ जबरिया या चुटकी भर नमक के बदले सोने के लिए अभिशप्त थीं। सहपाठी की बातें सुनकर पता चला कि तस्वीरों में मुस्कराते चेहरों के पीछे दुखों के पहाड़ थे। इस दुख से निजात की पहली कोशिश एक राजा ने की। उड़ीसा (अब ओडिशा) के किसी राज परिवार के वंशज को जगदलपुर का राजपाट मिला। उसी शृंखला के अंतिम राजा प्रवीर चंद्र भंजदेव ने, जिन्हें आदिवासी देवता मानकर पूजते थे, उन्हें संगठित करने की कोशिश की, पर वे भारतीय राज्य की संप्रभुता को चुनौती देते हुए 1966 की एक पुलिस मुठभेड़ में मारे गए।

आदिवासियों को उनके दुखों से मुक्ति दिलाने के सबसे गंभीर और निर्णायक प्रयास उस सशस्त्र आंदोलन के जरिये हुए, जो पश्चिम बंगाल में 1970 के दशक में नक्सलबाड़ी नामक एक छोटे से कस्बे से शुरू हुआ था। बंगाल में तो यह आंदोलन दो दशकों में खत्म हो गया, पर आंध्र प्रदेश, ओडिशा और पुराने मध्य प्रदेश और मौजूदा छत्तीसगढ़ के संधिस्थल पर अब भी हिचकियां ले रहा है। शुरुआती दौर में नक्सल नाम से चर्चित इस आंदोलन को बंगाल के बाहर माओवाद कहा गया। छत्तीसगढ़ का पूरा बस्तर प्रखंड इस आग में झुलसा और चार दशक लग गए माओवादियों को यह समझने में कि अब राज्य इतनी मजबूत संस्था में तब्दील हो गया है कि किसी एक कोने में सशस्त्र संघर्ष से उसे उखाड़ना तो दूर, हिलाया भी नहीं जा सकता। आज जब मैं वर्षों के अंतराल पर बस्तर के गांवों-कस्बों में घूम रहा हूं, तो स्पष्ट दिख रहा है कांकेर, कोंडागांव, जगदलपुर जैसे इलाकों में आंदोलन पूरी तरह से खत्म हो चुका है और दंतेवाड़ा , सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर में अंतिम सांसें गिन रहा है। पिछले साल भर में डेढ़ सौ से अधिक माओवादी लड़ाके पुलिस मुठभेड़ों में मारे जा चुके हैं और अबूझमाड़ जैसे दुर्गम इलाकों में भी सड़कें और संचार के आधुनिकतम उपकरण पहुंच गए हैं, जो सुरक्षा बलों को बढ़त दे रहे हैं।

सरकारों की भी समझ में आ गया है कि आदिवासियों को सड़क, अस्पताल और विद्यालय की जरूरत है। सशस्त्र आंदोलन के चलते पुलिस, जंगलात और राजस्व कर्मियों की ज्यादतियों पर कुछ अंकुश लगा। तेंदू पत्ते का संग्रहण करने वाले ठेकेदारों को उनकी मजदूरी बढ़ानी पड़ी। यह सब हुआ, पर बड़ी कीमत चुकाने के बाद। माओवादियों और सुरक्षाकर्मियों, दोनों ने सैकड़ों जानें लीं।

मैं लगातार इस इलाके में घूम रहा हूं और दिलचस्पी से उन परिवर्तनों को पकड़ने की कोशिश कर रहा हूं, जो माओवाद और फिर उसके खात्मे के बाद इस इलाके में घट रहे हैं। सड़कों का जाल बिछ जाने के बाद स्वाभाविक था कि बाजार का यहां प्रवेश हुआ। मैंने इसके सकारात्मक पहलू को हर जगह अनुभव किया। चाहे वह नवा रायपुर में बस रही राजधानी का बड़ा सरोवर हो या चित्रकोट का जलप्रपात, हर जगह रेहड़ी वाले स्थानीय लोग हैं और लगभग सभी क्यूआर कोड के जरिये ऑनलाइन पेमेंट ले रहे हैं। यह बाजार का ही असर है कि 75 दिनों तक चलने वाले जगदलपुर के दशहरे में राजस्थानी मिठाइयों की बड़ी दुकान थी, कच्चे लोहे के बने औजार और कलाकृतियां बस्तरिया कारीगर बेच रहे थे। दंतेश्वरी माता की चौकी के साथ चल रहे स्थानीय नौजवान जोर से बोलो, तुम भी बोलो, सारे बोलो जय माता दी, के पंजाबी जयकारे लगा रहे थे। वर्दी पहने ज्यादातर पुलिसकर्मी आदिवासी लग रहे थे और मेरी अनुभवी आंखें भांप सकती थीं कि उनका व्यवहार जनता के साथ रूखा तो नहीं ही था।

एक अंतिम बात- बाजार अभी तक आदिवासियों की निश्छल हंसी को प्रभावित नहीं कर सका था और हम संपर्क के हर स्तर पर इसे महसूस कर रहे थे। (ये लेखक के अपने विचार हैं)

**इंडिया गठबंधन ने लोकसभा चुनाव में भले ही संविधान,आरक्षण और जातीय समीकरण साध कर बीजेपी की हिन्दुत्व की राह में रोड़े बिछा दिये थे, लेकिन कहते हैं कि काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती है और हाल ही में सम्पन्न हरियाणा और जम्मू कश्मीर के विधान सभा चुनाव में बीजेपी के हिन्दुत्व ने एक बार फिर हुंकार भरी और कांग्रेस के हरियाणा में सरकार बनाने के सपने चूर-चूर हो गये।**

# उत्तर प्रदेश के उप-चुनाव में भी भाजपा हिंदुत्व एवं राष्ट्रवाद के सहारे

(अजय कुमार)

लोकसभा चुनाव में यूपी में मनमाफिक नतीजे नहीं आने से दुखी बीजेपी को अगर हिंदुत्व के सहारे उप चुनाव में सफलता मिलती है तो 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए इसी आधार पर पार्टी का आलाकमान रणनीति बनाई जायेगा।

इंडिया गठबंधन ने लोकसभा चुनाव में भले ही संविधान,आरक्षण और जातीय समीकरण साध कर बीजेपी की हिन्दुत्व की राह में रोड़े बिछा दिये थे, लेकिन कहते हैं कि काठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती है और हाल ही में सम्पन्न हरियाणा और जम्मू कश्मीर के विधान सभा चुनाव में बीजेपी के हिन्दुत्व ने एक बार फिर हुंकार भरी और कांग्रेस के हरियाणा में सरकार बनाने के सपने चूर-चूर हो गये। इसी से उत्साहित बीजेपी अब यूपी के उप चुनाव में भी हिन्दुत्व की पिच पर बैटिंग करने का मन बना चुकी है। जातीय समीकरण को साधने के लिए भाजपा फिर हिंदुत्व के एजेंडे का इस्तेमाल करेगी। कहा जा रहा है कि हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव का फायदा भाजपा यूपी के उपचुनाव में भी उठाना चाहती है। पार्टी का भी मानना है कि हिंदुत्व के फार्मूले से जातीय समीकरण साधने में उसे मदद मिलेगी। भाजपा का केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व यूपी की नौ विधानसभा सीटों के लिए नवंबर में होने वाले उपचुनाव में हिंदुत्व के साथ राष्ट्रवाद





के फार्मूले का परीक्षण करेगी।

लोकसभा चुनाव में यूपी में मनमाफिक नतीजे नहीं आने से दुखी बीजेपी को अगर हिंदुत्व के सहारे उप चुनाव में सफलता मिलती है तो 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए इसी आधार पर पार्टी का आलाकमान रणनीति बनाई जायेगा। दरअसल, हरियाणा में लगातार तीसरी बार और 2014 व 2019 के मुकाबले ज्यादा सीटों के साथ सरकार बनाकर भाजपा ने सारे कयासों को झुठला दिया है। वहीं, जम्मू-कश्मीर में सरकार बनाने का करिश्मा भाजपा भले ही नहीं कर पाई हो, लेकिन वहां मिले सबसे ज्यादा वोटों ने पार्टी में नई उम्मीद जगाई है।

लोकसभा चुनाव 2024 में यूपी में आए नतीजों को कांग्रेस ने भाजपा की राष्ट्रीय राजनीति से विदाई के तौर पर प्रचारित किया। अब हरियाणा और जम्मू-कश्मीर ने इसे एक तरह से खारिज कर दिया है। साफ है कि अब भाजपा यूपी के उपचुनाव में हिंदुत्व और राष्ट्रवाद के एजेंडे को धार देगी। इसका असर प्रदेश में दिखने भी लगा है। हालांकि, भाजपा के एजेंडे की काट को लेकर कांग्रेस और सपा ने भी तैयारी शुरू कर दी है।

बता दें हरियाण की तरह जम्मू-कश्मीर में भी ज्यादातर हिंदू भाजपा के पक्ष में गोलबंद दिखे। राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक, हिंदू लामबंदी जिस तरह जातीय गोलबंदी पर भारी पड़ती दिखी है, वह यह बताने को पर्याप्त है कि बंटोगे तो कटोगे के नारे ने नतीजों पर असर डाला है। जाहिर है कि भाजपा इसे और धार देगी ताकि यूपी में 2014 से लेकर 2022 जैसे समीकरणों को फिर मजबूत किया जा सके।

## वर्ग पहेली 5526



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. विश्व का सबसे विषैला सर्प (पेनिन्सुलर टाइगर सर्प) इस देश में पाया जाता है (4)
4. स्तनपायी जीवों की छाती के दोनों ओर की गोलाकार हड्डियों में से प्रत्येक (3)
6. एक साथ, अकस्मात, अचानक (5)
8. मुनाफा, फायदा, नफा (2)
10. संबंध से, हेतु, वास्ते (2)
12. क्षेत्र, रियासत (3)
13. राष्ट्रद्रोह करने वाला (2)
15. जो अभी बनकर तैयार हुई हो (2)
16. यह विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है (3)
17. फन, हुनर (2)
19. मक्के की एक इमारत जिसे मुस्लिम लोग खुदा का घर मानते है (2)
20. अत्यंत, मुख, प्रधान, उत्कृष्ठ (3)
21. मंडल, कोमल (4)
23. कोई आक्षेप वाक्य (2)
24. सम्मान, इज्जत, नापने की क्रिया (2)

**ऊपर से नीचे**

1. किसी केंद्रीय कम्प्यूटर से जुड़ा हुआ एवं उसके द्वारा नियंत्रित (5)
2. प्रयाजन हेतु प्रयुक्त संप्रदान कारक की विभक्ति (2)
3. तिब्बत ओर मध्य एशिया में होने वाला जंगली भैंसा (2)
4. किंतु, परंतु, लेकिन, पंख (2)
5. दिलीप कुमार और सायराबानों अभिनीत यह फिल्म हिंदी और बांग्ला दोनों भाषाओं में बनी थी (3)
7. आवागमन ग्रस्त, उलट-पलट कर होना (6)
9. सदव्यवहार करना, अच्छा बरतना (6)
11. तीखी बोली बोलने वाला (5)
14. नगमा, तराना, गाना (2)
18. फौज का दस्ता, दूरी पर (2)
19. पुराणानुसार विवाह होने के पूर्व कुमारी अवस्था में हुआ पुत्र (3)
20. मुकाम, रहने का स्थान (2)
22. एकत्र, संग्रह किया हुआ, इकट्ठा (2)

**वर्ग पहेली 5525 का हल**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भा | र | त | | खु | ला | प | प |
| व | ज | न | क | श | | खा | द |
| प्र | | क | मी | | त | र | |
| धा | र | | न | ज | रा | ना | |
| न | बी | | गा | ज | ना | | ऑ |
| | | श | ह | | | टै | क्सी |
| स | त | कं | | | ज | ल | ज |
| दा | य | रा | | शै | | र | न |

# दोनों देशों के रिश्तों में तनातनी का असर क्या कनाडा में पढ़ रहे भारतीय छात्रों के भविष्य पर पड़ेगा?

(पवन उपरेति)

भारत और कनाडा के बीच रिश्ते खराब चल रहे हैं। दोनों ओर से तनातनी वाली स्थिति है और इसका असर उन भारतीय छात्रों पर भी पड़ सकता है जो मौजूदा वक्त में कनाडा में या तो पढ़ाई कर रहे हैं या वहां जाना चाहते हैं। बताना होगा कि हरियाणा और पंजाब के अलावा भी देश के कई राज्यों से बड़ी संख्या में छात्र नौकरी करने के लिए या पढ़ाई के लिए कनाडा जाते हैं।

2015 से अब तक 10 लाख से ज्यादा भारतीय छात्रों को कनाडा के लिए स्टडी परमिट मिल चुका है और इसमें से 10 लाख से ज्यादा छात्रों को सिर्फ 2024 में ही स्टडी परमिट दिया गया।

कनाडा की इमिग्रेशन रिफ्यूजीज और सिटीजनशिप के आंकड़ों के अनुसार, 2015 से 2024 तक लगभग 13 लाख भारतीय छात्रों ने कनाडा में स्टडी परमिट हासिल किया है। 2015 में कनाडा में 31,920 भारतीय छात्र स्टडी परमिट पर थे और कुल 219,035 अंतर्राष्ट्रीय छात्रों में से यह आंकड़ा केवल 14.5 प्रतिशत था लेकिन 2023 तक भारतीय छात्रों की संख्या बढ़कर 278,250 हो गई और कुल 6,82060 अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के बीच यह आंकड़ा बढ़कर 40.7 प्रतिशत हो गया था।

2023 की तुलना में 2024 में स्टडी परमिट में लगभग 4 प्रतिशत की गिरावट आई है और इसके पीछे वजह यह है कि इस साल कनाडा की सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की संख्या पर प्रतिबंध लगाए हैं और स्टडी परमिट की प्रक्रिया में बदलाव लागू किए हैं। इसके बावजूद कनाडा में मौजूदा वक्त में लगभग 6 लाख भारतीय छात्र पढ़ रहे हैं, जिनमें नए दाखिला वाले और पहले से पढ़ रहे छात्र शामिल हैं।

टोरंटो में पढ़ाई कर रही जालंधर की एमबीए छात्रा तन्वी शर्मा मीडिया से बातचीत में इस तनाव को लेकर बेफिक्र दिखाई देती हैं और कहती हैं कि इसका भारत से आए छात्रों की रोजमर्रा की जिंदगी पर कोई असर नहीं पड़ा है लेकिन फिर भी कुछ चिंताएं जरूर हैं।

इसी तरह पंजाब के कपूरथला की रहने वालीं हरमनप्रीत कौर नोवा स्कोटिया में बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन की पढ़ाई कर रही हैं, वह बताती हैं कि छात्र अपनी पढ़ाई और रोजगार पर ध्यान दे रहे हैं न कि राजनीतिक मामलों पर लेकिन माता-पिता को चिंता हो रही है और वे कभी-कभी हमसे कहते हैं कि हमें दूसरे देश में शिफ्ट होने के बारे में सोचना चाहिए।

टोरंटो में रह रहे एक अन्य छात्र यथार्थ ने भी कहा कि छात्रों में इस विवाद की वजह से कोई चिंता नहीं है लेकिन भारत में उनके परिवार जरूर चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि पिछले साल से चल रहे तनावपूर्ण माहौल के बावजूद कनाडा ने स्टूडेंट वीजा जारी करना बंद नहीं किया और इस वजह से शिक्षा का क्षेत्र राजनीतिक माहौल में हलचल के बावजूद स्थिर है।

## आज का राशिफल

**मेष**

आज करियर के मामले में लाभ के प्रबल योग बन रहे हैं। शाम तक कारोबार में आपकी कोई बड़ी डील फाइनल हो सकती है। आपको सरकार की तरफ से विशेष सम्मान प्राप्त हो सकता है। भौतिक विकास के योग काफी अच्छे हैं और आपकी तरक्की होगी। कारोबार में कोई बेहतर डील होगी।

**वृषभ**

आज लाभ होगा और आपका मन नई योजनाओं में लगेगा। किसी देवस्थान की यात्रा से मन खुश होगा। कानूनी विवाद में सफलता प्राप्त होगी और आपका स्थान परिवर्तन की योजना सफल हो सकती है। दिन के उत्तरार्ध में उलझनों के बावजूद पराक्रम की वृद्धि होगी।

**तुला**

आज दिन लाभ से भरा है और आपके सभी रुके कार्य पूर्ण होने से आपका मन काफी खुश रहेगा। सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं। नए प्रॉजेक्ट पर भी कुछ काम शुरू हो सकता है। जमीन जायदाद के मामले में पारिवारिक और आस-पास के लोग कुछ परेशानी पैदा करने की कोशिश करेंगे।

**वृश्चिक**

आज दिन लाभ से भरा होगा और आपकी आर्थिक स्थिति काफी बेहतर होगी। दिन काफी मजबूत है और आपको दिन भर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। इसलिए प्रयास करते रहें तो आपको सफलता प्राप्त होगी। आपके परिवार में सुख शांति रहेगी और आप अपने जीवन में तरक्की करेंगे।

**मिथुन**

आज दिन काफी रचनात्मक है और आपको लाभ होने से मन प्रसन्न होगा। आज का दिन काफी रचनात्मक है। किसी क्रिएटिव और आर्टिस्ट काम को पूरा करने में आपका दिन बीतेगा और आपको सही मात्रा में लाभ होगा।

**कर्क**

आज दिन काफी सृजनात्मक है और आप जो भी काम लगन के साथ करेंगे, तो आपको उसका फल आज ही मिल जाएगा। आपके अधूरे काम निपट जाएंगे और कारोबार में कुछ महत्वपूर्ण चर्चाएं होंगी।

**धनु**

आज दिन सावधानी और सतर्कता का है। आपको लाभ होगा और योजनाएं सफल होंगी। आपको कारोबार में बड़ा लाभ होने की आशा है। रोजमर्रा के काम से परे कुछ नए काम पूरे हो सकते हैं। आपको किसी अपने के लिए कुछ पैसों का इंतजाम करना पड़ सकता है। नया मौका आपके आस-पास है।

**मकर**

आज दिन सामान्य है। भागीदारी में साझे में किया व्यापार काफी फायदा पहुंचायेगा। आपको रोजाना के काम आराम से पूरे कर लेने चाहिए। आज आपको पुत्र-पुत्री के संबंध में कोई बड़ा फैसला लेना पड़े। ईमानदारी और निर्धारित नियमों का ध्यान रखे।

**सिंह**

आज लाभ होगा और दिन आपके लिए काफी व्यस्तता से भरा होगा। आपका मन धर्म आध्यात्म के मामले में लगेगा और पढ़ाई-लिखाई करने के लिए आप थोड़ा सा समय निकाल पाएंगे। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके मामले में रुकावट डालने का प्रयास करेंगे ।

**कन्या**

आज दिन संयम और सावधानी का है। आस पास के लोगों से टकराव की नौबत न आएं, इस बात का ध्यान रखें। वरना आपको फिर से परेशानी हो सकती है। आपके घर में किसी शुभ कार्य की चर्चा हो सकती है। भाग्य पर भरोसा रखें और आत्म विश्वास के साथ कार्य करें।

**कुंभ**

आज हर काम सावधानी से करने का है। मौसम परिवर्तन की वजह से आप बीमार हो सकते हैं। खान पान में लापरवाही न बरतें। व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा। जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती है, इसलिए हर काम सोचसमझकर करें। आपके धन में वृद्धि होगी और भाग्य साथ देगा।

**मीन**

आज दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर होगा। परेशानियों को धैर्य और अपने मृदु व्यवहार से सुधार कर ठीक किया जा सकता है। अपनी बुद्धि का प्रयोग कर आप वह सब कुछ पा सकते हैं, जिसकी आपको अभी तक कमी रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### सरकारी स्कूलों में क्या होने चाहिए सुधार, सिसोदिया ने पैरेंट्स से की बात; आप ने शुरू किया 'शिक्षा पर बात अभियान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में बच्चों के परिजनों से जुड़ने के लिए आम आदमी पार्टी ने 'शिक्षा पर बात मनीष सिसोदिया के साथ' कार्यक्रम की शुरुआत की। गुरुवार को पहला कार्यक्रम पटपड़गंज विधानसभा क्षेत्र में हुआ। इसमें परिजनों से पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया से बातचीत कर सरकारी स्कूलों में हुए सुधार और बच्चों के लिए सुझाव की जानकारी ली। सिसोदिया ने इस संवाद में शामिल होने के लिए सभी परिजनों को पत्र भेजकर आमंत्रित किया है। पटपड़गंज में आयोजित कार्यक्रम में सिसोदिया ने सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों के करीब 500 परिजनों से संवाद किया। अभिभावकों की ओर उन्हें सुझाव दिए गए कि स्कूलों में और क्या सुधार किए जा सकते हैं। सिसोदिया की तरफ से भेजे गए आमंत्रण पत्र में कहा गया है कि तकनीक की वजह से दुनिया में बहुत तेजी से बदलाव हो रहे हैं। इसलिए यह जरूरी है कि बच्चों को वह पढ़ाएं, जो उन्हें बेहतर भविष्य के लिए तैयार कर सके। आज जितनी गहराई से इन मुद्दों पर विचार होगा, उतना ही बच्चों को एक अच्छा भविष्य दिया जा सकेगा। सिसोदिया ने पत्र में लिखा है कि बच्चों की शिक्षा के लिए अरविंद केजरीवाल और वह हमेशा सजग रहे हैं। 10 साल पहले उन्हें उपमुख्यमंत्री बनाते समय अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि दिल्ली के हर बच्चे को ऐसी शिक्षा देना जैसे मेरे बच्चों को मिली है। दिल्ली सरकार ने बिल्कुल ऐसा ही किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने गुरुवार को आरोप लगाया कि 10 साल में आम आदमी पार्टी ने दिल्ली सरकार और निगम के स्कूलों को बर्बाद कर दिया है। सत्ता में आने से पहले 500 स्कूल खोलने का वादा किया गया था, लेकिन कोई नया स्कूल नहीं खोला गया। सचदेवा ने राजधानी की शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि दिल्ली में नए स्कूलों पर कुछ काम नहीं हुआ। नाम बदलने और कुछ स्कूलों में कक्ष बनाने को बड़ी उपलब्धि बताया गया। आरोप लगाया कि शिक्षा में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है।

### फरीदाबाद में दर्दनाक हादसा, तेज धमाके से गिरी घर की छत; मलबे में दबकर तीन की मौत

**फरीदाबाद, एजेंसी।** फरीदाबाद के भांकरी गांव में धमाका होने से एक दुकान के ऊपर बने एक कमरे की छत उड़ गई। इस हादसे में कमरे में सो रहे एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई है। मृतकों में दादा-दादी और उनका पोता शामिल है। पुलिस ने शवों को बीके अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। अभी धमाके की पुख्ता वजह का पता नहीं चल सका है। सिलेंडर फटने से धमाका होना बताया जा रहा है। मलबे के नीचे दबने से मौत हो गई। शुक्रवार तड़के करीब 2:30 बजे अचानक दुकान के ऊपर बने कमरे में तेज धमाका हुआ। धमाके से कमरे की छत उड़ गई। कमरे के अंदर सो रहे 53 वर्षीय सरजीत और 50 वर्षीय उनकी पत्नी बबीता और उनके पौते 13 वर्षीय नकुल की मौत हो गई। इस हादसे में एक पशु की मौत हुई है। धमाके की वजह से आस-पड़ोस के घरों की खिड़कियों के शीशे टूट गए और वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं पड़ोस के एक घर की दीवार में भी नुकसान की सूचना है। धमाके की सूचना मिलने के बाद आस-पड़ोस के लोग जमा हो गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हाइड्रा की मदद से मलबा हटाया और शवों को निकालकर बीके अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। इस हादसे की पुख्ता वजह का पता नहीं चल सका है। अभी तक सिलेंडर की वजह से धमाका होने की बात सामने आ रही है। पुलिस की ओर से अभी धमाके की वजह की जानकारी नहीं दी गई है।

### नोएडा के स्कूल में बच्ची से डिजिटल रेप मामले में क्लास टीचर समेत दो गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर 27 स्थित एक नामी स्कूल के जूनियर विंग में पढ़ने वाली साढ़े तीन साल की छात्रा के साथ डिजिटल रेप का मामला सामने आया है। इस मामले में सेक्टर-20 थाना पुलिस ने दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपियों में से एक बच्ची की क्लास टीचर और दूसरी सिक्यूरिटी सुपरवाइजर है। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि दोनों ने घटना को छिपाने की कोशिश की थी। पुलिस ने बताया कि बच्ची सेक्टर-27 स्थित एक निजी स्कूल के जूनियर विंग में पढ़ती है। 10 दिन पहले बच्ची अचानक गुमसुम रहने लगी। स्कूल भी नहीं जा पा रही थी। जिसके बाद माता-पिता बेटी को डॉक्टर के पास ले गए। डॉक्टर ने बताया कि उनकी बेटी के निजी अंगों के साथ किसी ने छेड़छाड़ की है। तब परिजन ने प्यार से बच्ची से घटना के बारे में पूछा तो बच्ची ने बताया कि स्कूल में जो भैया प्लेट देते हैं, उन्होंने दो दिन पहले कुछ चुभाया है। तभी से दर्द हो रहा है। बच्ची के मुताबिक किसी को बताने पर उन्होंने मारने की धमकी भी दी थी। स्कूल परिसर में मासूम के साथ यह शर्मनाक हरकत नौ अक्टूबर को हुई, परिजन ने 10 अक्टूबर को इसकी शिकायत सेक्टर-20 थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने इसी दिन आरोपी कर्मचारी निठारी निवासी नित्यानंद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। बच्ची के पिता ने स्कूल प्रबंधन पर घटना को छिपाने और शिकायत करने पर बच्ची को डराने के आरोप लगाए थे।

# प्रदूषण कम करना नहीं चाहती आप, बीजेपी का दिल्ली सरकार पर वार; 293 पर पहुंचा एक्यूआई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में दमघोंटू प्रदूषण की वजह से लोगों की सांसों पर संकट छाया हुआ है। वहीं इसपर राजनीति भी शुरू हो गई है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) पर हमला बोला है। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने आप सरकार पर पिछले दस सालों में प्रदूषण कम करने में विफल रहने का आरोप लगाया है। तिवारी ने दिल्लीवासियों से आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा को सपोर्ट करने का अनुरोध किया है। तिवारी ने कहा, पिछले 10 सालों से दिल्ली की सत्ता पर काबिज आप सरकार का प्रदूषण कम करने का कोई इरादा नहीं है। दिल्ली की समस्याएं उसी दिन हल हो जाएंगी, जिस दिन वे समस्या आने से पहले जागना शुरू कर देंगे। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि दिल्ली एक जहरीली गैस चैंबर बनती जा रही है और इसके लिए आप की नीतियों को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने पंजाब में पराली जलाने, औद्योगिक प्रदूषण और वाहनों से होने वाले प्रदूषण से निपटने में प्रभावी ढंग से असफल रहने के लिए आप की आलोचना की। पूनावाला ने कहा, स्मोक टावरों का क्या हुआ? स्मोक टावर बंद हैं। बाबा खड़ग सिंह पर लगे स्मोक टावर पर 25 करोड़ रुपये खर्च किए गए। यह काम नहीं कर रहा है। शुक्रवार को दिल्ली में धुंध की एक परत छाई रही और वायु गुणवत्ता सूचकांक



(एक्यूआई) 293 पर खराब दर्ज किया गया। आनंद विहार और द्वारका जैसे विशिष्ट क्षेत्रों में क्रमशः 339 और 325 के एक्यूआई स्तर के साथ बहुत खराब श्रेणी में रखा गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने चेतावनी दी है कि खराब श्रेणी का एक्यूआई सांस लेने में तकलीफ पैदा कर सकता है, जबकि बहुत खराब श्रेणी के एक्यूआई से लंबे समय तक संपर्क में रहने पर सांस संबंधी बीमारी हो सकती है। दिल्ली सरकार ने ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान-1 (ग्रैप-1) के तहत उपायों को सख्ती से लागू करने की घोषणा कीहै। धूल प्रदूषण को कम करने के लिए लोक निर्माण विभाग के वाहनों ने विभिन्न क्षेत्रों में पानी का छिड़काव भी किया। इससे पहले आप के नेतृत्व वाली सरकार ने 25 सितंबर को विंटर एक्शन प्लान जारी किया था, जिसमें प्रदूषण से निपटने के लिए 21 रणनीतियों की रूपरेखा दी गई थी।

**दिल्ली पर डबल अटैक, यमुना में पानी की जगह दिख रहा सफेद झाग; वायु प्रदूषण से लोग बेहाल :** दिल्ली में जैसे ही सर्दियों का मौसम दस्तक देता है वैसे ही प्रदूषण रूपी दानव डराने लगता है। सांसों पर संकट मंडराने लगता है और जीवनदायिनी यमुना में भी सफेद झाग नजर आने लगता है। यमुना का डराने वाला वीडियो समने आया है। दिल्ली के कालिंदी कुंज इलाके में पानी की जगह झाग तैरता दिख रहा है। वहीं दूसरी तरफ, हर साल की तरह इस बार भी जहां हवा में प्रदूषण के कण बढ़ने लगे हैं। समाचार एजेंसी एएनआई ने शुक्रवार को एक वीडियो जारी किया है। जिसमें यमुना नदी में पानी की जगह सफेद झाग दिख रहा है। यह बर्फनुमा जहरीला झाग नदी की सतह पर तैरता हुआ नजर रहा है। जहां तक नजरें जा रही हैं, केवल यही झाग दिख रहा है। जी न्यूज के अनुसार, इस झाग की वजह फॉस्फेट और नाइट्रेट है। नदीं में पानी कम और झाग की मात्रा ज्यादा है। यह हाल तब है जब पिछले कुछ सालों में यमुना की सफाई पर करीब सात हजार करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं। भाषा के अनुसार, दिल्ली वासियों को लगातार चौथे दिन गुरुवार को भी 'खराब' वायु गुणवत्ता का सामना करना पड़ा और राष्ट्रीय राजधानी में 13 निगरानी केंद्रों पर संकेतक 'रेड जोन' में रहे। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, 13 (वायु गुणवत्ता) निगरानी केंद्रों- अशोक विहार, द्वारका सेक्टर 8, पटपड़गंज, पंजाबी बाग, रोहिणी, बवाना, बुराड़ी, जहांगीरपुरी, मुंडका, नरेला, ओखला फेज 2, शादीपुर और विवेक विहार में 'रीडिंग' 300 से ऊपर दर्ज की गई। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने गुरुवार को कहा कि ज्यादा प्रदूषण वाले 13 क्षेत्रों की निगरानी के लिए 'ग्रीन वॉर रूम' के माध्यम से विभिन्न प्रदूषण नियंत्रण गतिविधियों के संबंध में विशेष अभियान शुरू किए जाएंगे। राय ने कहा कि पर्यावरण विभाग शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी), दिल्ली नगर निगम (एमसीडी), परिवहन विभाग और दिल्ली यातायात पुलिस सहित अन्य प्रमुख विभागों के साथ एक आपात बैठक बुलाएगा।

## ढाई लाख वाहनों का बोझ होगा कम, अलीपुर से एयरपोर्ट के बीच खुलेगा तीसरा रिंग रोड; कब से दौड़ेंगी गाड़ियां



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली को प्रदूषण मुक्त बनाने और वाहनों का दबाव कम करने के लिए तीसरी रिंग रोड पर दिसंबर से वाहन दौड़ाने की तैयारी है। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के महत्वपूर्ण अर्बन एक्सटेंशन रोड (यूईआर-2) की कार्य प्रगति को लेकर उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने कई विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस रोड के शुरू होने से आउटर (बाहरी) रिंग रोड और इनर (आतंरिक) रिंग रोड से करीब ढाई लाख वाहनों का बोझ कम होने की उम्मीद है। अलीपुर से दिल्ली एयरपोर्ट का सफर काफी सुगम हो जाएगा। 3600 करोड़ रुपये की लागत से यूईआर-2 पर काम किया जा रहा है। इस वर्ष दिसंबर से इस सड़क पर यातायात चलाने की योजना है। करीब 75.71 किलोमीटर लंबी सड़क का 54.21 किलोमीटर का हिस्सा दिल्ली और 21.50 किलोमीटर हरियाणा के हिस्से में आता है। अलीपुर के पास दिल्ली-पानीपत से यह शुरू होगी। इसे पांच चरण में बांटा गया है। पहला चरण एनएच-1 दिल्ली-पानीपत हाईवे इंटरसेक्शन से कराला-कंझावला रोड तक (15.70 किलोमीटर) लंबा है, जिसका 99 फीसदी काम पूरा हो चुका है। दूसरे चरण में कराला-कंझावला रोड से नांगलोई-नजफगढ़ रोड (13.45 किलोमीटर) है, जिसका 83.70 फीसदी काम हुआ है। तीसरा चरण नांगलोई-नजफगढ़ रोड से द्वारका सेक्टर-24 (9.66 किलोमीटर) का है, जिसका कार्य पूरा हो गया है। बाकी दो चरण हरियाणा में आते हैं। ऐसा दावा है कि यूईआर के पूरी तरह से तैयार होने से आउटर रिंग रोड और इनर रिंग रोड पर यातायात आसान हो जाएगा।

## दिल्ली में बड़ा हादसा, घर में लगी भीषण आग में जल गया परिवार; 2 की मौत

**दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के शाहदरा इलाके में एक घर में आग लग गई। इस हादसे में एक ही परिवार के दो लोगों के जले हुए शव बाहर निकल गए जबकि चार को रेस्क्यू किया गया है। दमकल विभाग के मुताबिक शाहदरा में एक घर में 5 बजकर 24 मिनट में एक घर में आग लगने की कॉल मिली थी जिसके बाद दमकल की 6 गाड़ियां और टीम मौके पर गई थी। दमकल के मुताबिक घर में 4 लोग थे जिनमें से 2 जले हुए शव बाहर निकाले गए। जबकि 4 लोगो को रेस्क्यू किया गया और अस्पताल भेजा गया है। ये आग बिल्डिंग की तीसरी और चौथी मंजिल में थी। घायल और मृतक एक ही परिवार के हैं। इस घटना की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि शहदरा के भोलानगर इलाके में एक मकान की तीसरी मंजिल में आग लगी थी। आग लगने की सूचना उनको सुबह लगभग 6 बजे दी गई। सूचना मिलते ही फायर विभाग की टीम मौके पर पहुंची तो देखा कि बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर आग लगी हुई है। इस घटना में फायर विभाग ने तुरंत राहत-बचाव कार्य शुरू किया और चार लोगों को बाहर निकाला। तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। यहां डॉक्टरों ने दो को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान हो गई है।

# 100 से ज्यादा फर्जी कंपनियां, 110 करोड़ की टैक्स चोरी; गुजरात के बाद गाजियाबाद में जीएसटी फ्रॉड

नई दिल्ली, एजेंसी। गुजरात में 200 से ज्यादा फर्जी कंपनियों ने फर्जी 'इनपुट टैक्स क्रेडिट' के जरिए सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाया। अब गाजियाबाद में भी ऐसा ही मामला सामने आया है। केंद्रीय माल एवं सेवाकर (सीजीएसटी) की टीम ने गुरुवार को फर्जी फर्म के जरिये 621 करोड़ रुपये के सामान की कागजी खरीद-फरोख्त कर 110 करोड़ रुपये की इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) वसूलने का खुलासा किया है। मामले में सीजीएसटी टीम ने दो फर्जी फर्म संचालक और अवैध आईटीसी वसूली के मास्टरमाइंड गौरव तोमर के अलावा एक अन्य आरोपी छत्रपाल शर्मा को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने सौ अधिक फर्जी फर्म बना रखी थीं। केंद्रीय माल एवं सेवाकर टीम ने फर्जी कंपनियों के पंजीकरण के खिलाफ अभियान चला रखा है। इसके तहत टीम को फर्जी कंपनियों के पंजीकरण कराकर कागजी खरीद-फरोख्त और आईटीसी वसूली करने वालों के खिलाफ बड़ी सफलता मिली। आयुक्त संजय लवानिया ने बताया कि कर अपवंचन शाखा ने गाजियाबाद के चंदर नगर स्थित देविका टावर के पते पर पंजीकृत मैसर्स एएनवीएस ट्रेडर्स नामक फर्म की जांच कराई। जांच के दौरान 110 करोड़ रुपये के आईटीसी क्लेम की जानकारी विभाग को मिली है। उन्होंने बताया कि दो वर्षों में सामान और सेवाओं का वास्तविक उत्पादन किए बिना फर्म ने 621 करोड़ रुपये के फर्जी बिल जारी किए। उन्होंने बताया कि 100




से अधिक फर्जी फर्म बनाकर 110 करोड़ के आईटीसी का लाभ लिया गया। इन फर्म का संचालन छत्रपाल शर्मा कर रहा था। उसने पत्नी आशा देवी के नाम पर जीएसटी का पंजीकरण करा रखा था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गौरव तोमर फर्जी फर्मों के पंजीकरण और प्रबंधन का रैकेट चला रहा था। गौरव मामले में बोगस फर्म के माध्यम से आईटीसी वसूलने का मास्टरमाइंड है। जांच के दौरान सीजीएसटी की टीम में अपर आयुक्त आलोक सिंह, संयुक्त आयुक्त अरुण कुमार द्विवेदी और निहारिका लाखा शामिल रहे।

**एक ही जीएसटी नंबर पर कई फर्म बनाई :** आयुक्त संजय लवानिया ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि एक ही जीएसटी नंबर, मोबाइल नंबर, बैंक खाते और पेन कार्ड पर 100 से अधिक फर्जी फर्म पंजीकृत कराई गई थीं, जिनके माध्यम से इस पूरे रैकेट को चलाया जा रहा था। उन्होंने बताया कि मामले में कई महत्वपूर्ण दस्तावेज कब्जे में लिए गए हैं, जिनकी जांच करने के बाद टैक्स चोरी की पूरी जानकारी मिल सकेगी। इसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

**दोनों आरोपियों को जेल भेजने की तैयारी :** सीजीएसटी टीम गौरव तोमर और छत्रपाल शर्मा को गिरफ्तार कर मेरठ ले गई है। वहां से दोनों को जेल भेजने की तैयारी है। इस पूरे मामले में सीजीएसटी ने करीब तीन माह तक कंपनियों के बोगस बिल और आईटीसी की जांच की थी, जिससे पूरे मामले का खुलासा हो सका है।

## दक्षिण को दक्षिणा; भाजपा ने हरियाणा में यादवों को दिया रिटर्न गिफ्ट

**हरियाणा, एजेंसी।** विधानसभा चुनाव 2024 में शानदार जीत हासिल करने के बाद लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी। मुख्यमंत्री और 13 मंत्रियों सहित 14 सदस्यीय मंत्रिमंडल में इस बार दक्षिण हरियाणा का रुतबा बढ़ गया है। दक्षिण हरियाणा से छह विधायकों को मंत्री बनाया गया है। इनमें चार को कैबिनेट मंत्री और दो को राज्य मंत्री बनाया गया है। अहीरवाल क्षेत्र को रिटर्न गिफ्ट के तौर पर दो मंत्री मिले हैं। दक्षिण हरियाणा ने 2014, 2019 और 2024 में हरियाणा में भाजपा सरकार के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा के तीसरे कार्यकाल में इस क्षेत्र के विधायकों को अधिकतम प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला है। कैबिनेट मंत्रियों की हुई वापसी बता दें कि 2014-19 के बीच मनोहर लाल के पहले कार्यकाल में मंत्री रहे राव नरबीर सिंह और विपुल गोयल ने मंत्री के रूप में वापसी की। गुड़गांव के सांसद और केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की बेटी आरती राव के साथ किरण चौधरी की बेटी श्रुति चौधरी को भी कैबिनेट में जगह मिली है। चुनाव से पहले मां-बेटी कांग्रेस से बीजेपी में आ गई थी। तिगांव से राजेश नागर और पलवल से पहली बार विधायक बने गौरव गौतम को भी मंत्री



बनाया गया। दक्षिण हरियाणा से 6 मंत्री भाजपा के तीसरे कार्यकाल में दक्षिण हरियाणा को सर्वाधिक छह मंत्री मिले हैं। मनोहर लाल के नेतृत्व वाली पहली भाजपा सरकार (2014-19) में दक्षिण हरियाणा में पांच मंत्री थे। हरियाणा में जेजेपी के साथ गठबंधन में बनी बीजेपी की दूसरी सरकार, मनोहर लाल सरकार (2019-24) में दक्षिण हरियाणा से मंत्रियों की संख्या घटकर तीन रह गई थी। अहीरवाल क्षेत्र को दो मंत्री अहीरवाल क्षेत्र जो दक्षिण हरियाणा का हिस्सा है। अहीरवाल में गुरुग्राम, रेवाड़ी और महेंद्रगढ़ जिला आता है। यहां से दो मंत्री मिले हैं। इनमें राव नरबीर सिंह और आरती राव हैं। अहीरवाल क्षेत्र की 11 सीटों में से 10 पर बीजेपी ने जीत हासिल की है। राव नरबीर दक्षिण हरियाणा के सबसे वजनदार मंत्री होंगे। उन्होंने चौथे नंबर पर शपथ ली। दक्षिण हरियाणा से महिला मंत्री नायब सिंह सैनी की सरकार में दो महिला मंत्री हैं। दोनों ही दक्षिण हरियाणा से हैं। श्रुति चौधरी और आरती राव दोनों पूर्व मुख्यमंत्रियों की पोती हैं। पूर्व मुख्यमंत्री बंसी लाल की पोती श्रुति चौधरी ने 2009 में महेंद्रगढ़-भिवानी लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा और इनेलो के अजय सिंह चौटाला को हराकर संसद सदस्य बनीं।

## सीएम धामी का निजी सचिव बता ठगे 63 लाख, टेंडर दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी; हरिद्वार में हुई थी मुलाकात

**गाजियाबाद, एजेंसी।** गाजियाबाद के कविनगर थानाक्षेत्र में 52 करोड़ रुपये के ऑफलाइन टेंडर दिलाने के नाम पर कंस्ट्रक्शन कारोबारी से 63 लाख रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। पीड़ित के मुताबिक, दो आरोपियों ने खुद को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री का निजी सचिव बताया और टेंडर दिलाने के नाम पर सौदेबाजी देहरादून सचिवालय में की। रकम लेकर उन्हें फर्जी वर्क ऑर्डर थमा दिया गया। कविनगर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना बाबूगढ़, जिला हापुड़ के गांव मोहम्मदपुर आजमपुर के रहने वाले अक्षत त्यागी का कहना है कि उनका कंस्ट्रक्शन का काम है। उनकी कंपनी प्रनाली इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड दिल्ली में पंजीकृत है। गाजियाबाद और देहरादून में शाखा है। गाजियाबाद की शाखा कविनगर थानाक्षेत्र में एनएच-9 स्थित अंसल तनुश्री में है। अक्षत के मुताबिक, उनकी और उनके साथी रवि कटारिया, चंद्रप्रकाश चौहान की मुलाकात चंडीगढ़ सेक्टर-पांच के जीरकपुर निवासी महेश मारहिया और उसके बेटे सोनर मारहिया से चंडीघाट हरिद्वार में हुई थी। महेश ने खुद को उत्तराखंड सरकार में पीएसयू बताते हुए अर्बन डेवलपमेंट डिपार्टमेंट में टेंडर दिलाने की बात कही। महेश ने बताया कि सौरभ वत्स और पीसी उपाध्याय उत्तराखंड के मुख्यमंत्री के निजी सचिव हैं। दोनों मुख्यमंत्री कार्यालय में ही बैठते हैं। उनके माध्यम से ही उन्हें टेंडर दिलवाया जाएगा।



**टेंडर के फार्म भरवाकर रकम ऐंठी :** अक्षत के मुताबिक, 21 मार्च 2023 को देहरादून सचिवालय में महेश के साथ सौरभ वत्स और पीसी उपाध्याय से मिले। वहां 26 करोड़ का एक टेंडर स्ट्रीट लाइट, सोलर पैनल और दूसरा 26 करोड़ में विद्युत पोल का था। तीनों ने विश्वास दिलाया कि टेंडर उन्हें मिल जाएंगे, लेकिन 60 लाख रुपये देने होंगे। 22 मार्च 2023 को उनसे फॉर्म भरवाए गए। इसके बाद महेश ने उन्हें 20 लाख रुपये लेकर देहरादून के एक रेस्तरां में बुलाया। इस तरह उन्होंने कुल आरोपियों को 62.75 लाख रुपये दे दिए। पीड़ित के मुताबिक, महेश ने फोन कर कहा कि वर्क ऑर्डर तैयार होने की जानकारी दी। इसके बाद वर्क ऑर्डर पर हस्ताक्षर करने के लिए एक होटल में बुलाया। वहां तीनों ने उन्हें बधाई भी दी। तीन महीने बाद जब उन्होंने काम का दबाव बनाया तो एक नवंबर 2023 को अलॉटमेंट लेटर दिया गया।

# दिल्ली में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, शिल्पा शिंदे बनीं डीजीबी की सीईओ, 30 आईएएस अधिकारी इधर से उधर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के उपराज्यपाल ने प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फेरबदल किया है। उपराज्यपाल ने गुरुवार को स्वास्थ्य, शिक्षा, राजस्व और उत्पाद शुल्क जैसे महत्वपूर्ण विभागों में रिक्त पदों को भरने के लिए 30 से अधिक आईएएस अधिकारियों के तबादलों और पोस्टिंग की घोषणा की। अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय सिविल सेवा प्राधिकरण (एनसीसीएसए) की हाल ही में हुई बैठक के बाद तबादले और नियुक्तियां की गईं। दिल्ली में तबादलों और पोस्टिंग की घोषणा केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा दिल्ली के विशेष सचिव (सतर्कता) वाईवीवीजे राजशेखर सहित अरुणाचल, गोवा, मिजोरम और केंद्र शासित प्रदेश (एजीएमयूटी) कैडर के कई आईएएस अधिकारियों को स्थानांतरित करने के कुछ घंटों बाद हुई।

राजशेखर विभिन्न जांचों का नेतृत्व कर रहे थे, जिनमें दिल्ली की उत्पाद शुल्क नीति से संबंधित जांच भी शामिल थी। उन्हें अरुणाचल प्रदेश भेजा गया है। आयुक्त (श्रम) के रूप में कार्यरत और शिक्षा निदेशक का प्रभार संभाल रहे आरएन शर्मा को जम्मू-कश्मीर भेजा गया है। दिल्ली सरकार के सेवा विभाग द्वारा जारी तबादलों और पोस्टिंग के आदेशों के अनुसार, 2002-बैच के आईएएस अधिकारी निखिल कुमार को प्रमुख



सचिव (राजस्व) सह संभागीय आयुक्त के रूप में तैनात किया गया है। दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यरत 2006 बैच के एजीएमयूटी कैडर की आईएएस अधिकारी शिल्पा शिंदे अब दिल्ली जल बोर्ड की मुख्य कार्यकारी अधिकारी होंगी।

2011 आईएएस बैच के नई दिल्ली के डिप्टी कमिश्नर रवि झा को दिल्ली का एक्साइज कमिश्नर नियुक्त किया गया है। 2015 बैच की अधिकारी वेदिता रेड्डी, 2016 बैच के नाजुक कुमार और 2020 बैच की श्रेया सिंघल सहित तीन महिला आईएएस अधिकारी क्रमशः निदेशक और अतिरिक्त निदेशक के रूप में शिक्षा विभाग में शामिल होंगी। गृह सचिव और व्यापार एवं कर आयुक्त चंचल यादव को गृह विभाग से मुक्त कर दिया गया है। उन्हें महिला एवं बाल विकास विभाग में सचिव की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। बिजली विभाग के विशेष सचिव रवि धवन को दिल्ली राज्य औद्योगिक और बुनियादी ढांचा विकास निगम (डीएसआईआईडीसी) के प्रबंध निदेशक के रूप में तैनात किया गया है। वह संजीव कुमार मित्तल का स्थान लेंगे, जो अब सड़क सुरक्षा सेल में विशेष आयुक्त के पद पर तैनात हैं। पोस्टिंग का इंतजार कर रहे कम से कम पांच आईएएस अधिकारियों को एलजी ने विभाग आवंटित किए। बीएस जगलान को डीएसआईआईडीसी में कार्यकारी निदेशक के रूप में तैनात किया गया है, जबकि एसएम अली को दिल्ली के शहरी विकास विभाग में विशेष सचिव का पद मिला है। 2011 बैच के आईएएस अधिकारी डी वर्मा को दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड में सदस्य के रूप में और विनय कुमार को स्वास्थ्य विभाग में विशेष सचिव के साथ गृह विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। 2007 बैच के दानिक्स कैडर अधिकारी रजनीश कुमार सिंह को दिल्ली के मुख्यमंत्री के अतिरिक्त सचिव के रूप में तैनात किया गया है। वह पहले आतिशी के सचिव थे। उनके पास पीडब्ल्यूडी, वित्त और राजस्व सहित विभिन्न विभाग थे।

महिला टी-20 वर्ल्डकप



# साउथ अफ्रीका फाइनल में

## बॉश और वोलवार्ड्ट ने टी-20 में रचा इतिहास

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका ने कसी गेंदबाजी के बाद एनेके बॉश (नाबाद 74 रन) के शानदार अर्धशतक की बदौलत गुरुवार 17 अक्टूबर 2024 की रात दुबई के दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम पर 6 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलियाई टीम को 8 विकेट से हराकर उलटफेर किया। इसके साथ ही साउथ अफ्रीका ने आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2024 के फाइनल में प्रवेश किया। साउथ अफ्रीका ने टी20 विश्व कप में पहली बार ऑस्ट्रेलिया को हराया है।

दोनों टीमों के बीच महिला टी20 विश्व कप 2023 का फाइनल खेला गया था, जिसमें आस्ट्रेलिया ने 19 रन से जीत दर्ज की थी। साल 2009 से अब तक 7 टी20 विश्व कप हो चुके हैं और ऑस्ट्रेलिया ने उनमें से 6 जीते हैं और एक में फाइनल में हारा है। अब रविवार 20 अक्टूबर 2024 को साउथ अफ्रीका का सामना न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल की विजेता से होगा।साउथ अफ्रीका ने 'प्लेयर ऑफ द मैच' रहीं बॉश की आठ चौके और एक छक्के वाली 48 गेंद की नाबाद पारी की मदद से 17.2 ओवर में दो विकेट पर 135 रन बनाकर आस्ट्रेलियाई टीम का 8वीं बार फाइनल में प्रवेश करने का सपना तोड़ दिया। ऑस्ट्रेलिया के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज बेथ मूनी ने टीम के लिए सबसे ज्यादा 44 रन बनाये। कप्तान तहलिया मैक्ग्रा ने 27 रन का योगदान दिया। अंत में एलिस पैरी की 23 गेंद में 31 रन और फोबे लिचफील्ड की 9 गेंद में नाबाद 16 रन की पारी से ऑस्ट्रेलिया इस स्कोर तक पहुंचा। साउथ अफ्रीका ने अंत में अंतिम 4 ओवर में 40 रन लुटाये।

इंडिया-न्यूज़ीलैंड टेस्ट

## दिन की आखिरी बॉल पर आउट हुए कोहली

- दूसरी पारी में भारत का स्कोर 231/3, न्यूज़ीलैंड से 125 रन पीछे



**बेंगलुरु, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत बेंगलुरु टेस्ट की दूसरी पारी में वापसी कर लिया है। शुक्रवार को तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक टीम ने 3 विकेट के नुकसान पर 231 रन बना लिए हैं। सरफराज खान 70 रन नाबाद लौटे। विराट कोहली दिन की आखिरी बॉल पर आउट हो गए। उन्हें ग्लेन फिलिप्स ने विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल के हाथों कैच कराया। कोहली 70, रोहित शर्मा 52 और यशस्वी जायसवाल 35 रन बनाकर आउट हुए। एजाज पटेल ने 2 और ग्लेन फिलिप्स ने 1 लिया। 3 मैचों की सीरीज के पहले मैच के दूसरे दिन न्यूजीलैंड ने भारत को पहली पारी में 46 रन पर ऑलआउट किया। पहले दिन का खेल बारिश की वजह से नहीं हो सका।

### कोहली ने नंबर 3 पर इंटरनेशनल क्रिकेट में पूरे किए 15,000 रन, 9000 का आंकड़ा भी छूआ

विराट कोहली ने बेंगलुरु टेस्ट मैच की पहली पारी में डक पर आउट होने के बाद दूसरी पारी में शानदार वापसी करते हुए 70 गेंदों पर अर्धशतक लगाया और 70 रन की पारी खेली। अपनी इस पारी के दौरान कोहली ने कुछ बेहतरीन रिकॉर्ड अपने नाम किए। कोहली ने इंटरनेशनल क्रिकेट में नंबर 3 पर खेलते हुए अपने 15000 रन पूरे कर लिए साथ ही टेस्ट क्रिकेट में उन्होंने 9000 रन का आंकड़ा भी छू लिया।

इंटरनेशनल क्रिकेट में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 15000 रन पूरे कर लिए और ऐसा करने वाले वो दुनिया के तीसरे बल्लेबाज बन गए। इससे पहले ऐसा कमाल नंबर 3 पर खेलते हुए रिकी पोंटिंग और कुमार संगकारा ने किया था। यही नहीं कोहली नंबर 3 पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज हैं जबकि पोंटिंग पहले और संगकारा दूसरे नंबर पर हैं।

इंटरनेशनल क्रिकेट में नंबर 3 पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज

22869 रन - रिकी पोंटिंग (540)
22011 रन -कुमार संगकारा (468)
15696 रन - केन विलियमसन (337)
15009 रन - विराट कोहली (316) (खबर लिखे जाने तक)
14555 रन - राहुल द्रविड़ (329)
11236 रन - जैक कैलिस (283)



सैफ चैंपियनशिपः

# आशालता देवी ने रचा इतिहास

**काठमांडू, एजेंसी।** भारतीय महिला टीम ने सैफ महिला चैंपियनशिप में शानदार शुरुआत की। भारतीय टीम ने पहले मैच में पाकिस्तान को 5-2 से मात दी। इसके साथ ही भारत ने अंकतालिका में भी दो अहम अंक हासिल किए। पांच बार की चैंपियन भारतीय टीम पहले हाफ तक 4-1 से आगे थी। भारत ने तीन टीम के ग्रुप के शुरुआती मैच में जीत से तीन अंक हासिल किए। बांग्लादेश ग्रुप की तीसरी टीम है। भारतीय कप्तान आशालता देवी ने देश के लिए 100वां मैच खेलने की उपलब्धि हासिल की और स्ट्राइकर नगांगोम बाला देवी 50वां अंतरराष्ट्रीय गोल करने वाली देश की पहली महिला फुटबॉलर बनीं।

पांच बार की चैंपियन भारतीय टीम पहले हाफ तक 4-1 से आगे थी। भारत ने तीन टीम के ग्रुप के शुरुआती मैच में जीत से तीन अंक हासिल किए। बांग्लादेश ग्रुप की तीसरी टीम है। भारतीय कप्तान आशालता देवी ने देश के लिए 100वां मैच खेलने की उपलब्धि हासिल की और स्ट्राइकर नगांगोम बाला देवी 50वां अंतरराष्ट्रीय गोल करने वाली देश की पहली महिला फुटबॉलर बनीं। भारतीय टीम को सैफ चैंपियनशिप में ग्रुप ए में पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ रखा गया। भारत 23 अक्टूबर को बांग्लादेश का सामना करेगा।

## 35 साल के गेंदबाज ने तोड़ा वीरेंद्र सहवाग का रिकॉर्ड, टेस्ट क्रिकेट में जड़ दिए इतने छक्के, रोहित भी पीछे

**मुल्तान, एजेंसी।** न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के पहले मैच में टीम इंडिया की टेंशन बढ़ती जा रही है. न्यूजीलैंड की टीम इस मुकाबले में पूरी



तरह से हावी हो चुकी है. 46 रन पर टीम इंडिया की पहली पारी को ढेर करने के बाद बल्लेबाजों ने भी कमाल का प्रदर्शन कर दिखाया. वह 300 रन से ज्यादा की बढ़त भी हासिल करने में कामयाब रहे. इसमें 35 साल के एक गेंदबाज का भी योगदान रहा. इस गेंदबाज ने बल्ले से एक तेज तर्रार पारी खेली. इस पारी के दौरान वह वीरेंद्र सहवाग को एक खास लिस्ट में पछाड़ने में भी कामयाब रहा.

न्यूजीलैंड की टीम के अनुभवी गेंदबाज टिम साउदी ने इस मुकाबले में बल्ले से भी कमाल कर दिखाया है. वह भारत के खिलाफ पहली बार टेस्ट में अर्धशतक जड़ने में कामयाब रहे. उन्होंने 57 गेंदों पर 50 रन का आंकड़ा छुआ. ये उनके टेस्ट करियर का 7वां अर्धशतक है. टिम साउदी ने अर्धशतक तक पहुंचने के लिए अपनी पारी में 3 चौके और 3 छक्के जड़े. इन तीन छक्कों के साथ टिम साउदी ने एक और बड़ा कारनामा किया और एक खास लिस्ट में वीरेंद्र सहवाग को पीछे छोड़ दिया.

**वीरेंद्र सहवाग से आगे निकले टिम साउदी**

टिम साउदी ने इन तीन छक्कों के साथ अपने टेस्ट करियर में 92 छक्के पूरे कर लिए. इसी के साथ उन्होंने टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में सबसे ज्यादा छक्के जड़ने के मामले में वीरेंद्र सहवाग को पीछे छोड़ दिया है.

## राज्य स्तरीय सीनियर हॉकी प्रतियोगिता में चयन के लिए ट्रायल 20 को

**अलवर, एजेंसी।** हॉकी राजस्थान की ओर से बाड़मेर में होने वाली 14वी राज्य स्तरीय सीनियर हॉकी प्रतियोगिता 2024 (पुरुष) के लिए रविवार 20 अक्टूबर को अलवर जिले की टीम के चयन के लिए राजर्षि कॉलेज के खेल मैदान में ट्रायल किया



जाएगा। हॉकी अलवर के सचिव लोकेश मीना बताया कि ट्रायल के लिए प्रदीप सिंह नरूका (सीनियर) एवं चंद्रांश शर्मा संयोजक बनाया गया है। टीम के चयन के लिए हड्डूस कोच मारग्रेट हिंदुस्तानी को सेलेक्टर बनाया गया हैं। सीनियर वर्ग की प्रतियोगिता के लिए पुरुष टीम के लिए ट्रायल आयोजित होगा।

उन्होंने बताया कि ट्रायल में जिले के समस्त सीनियर खिलाड़ी इस हॉकी ट्रायल में भाग ले सकेंगे। 20 अक्टूबर, 2024 को सुबह 9 बजे ट्रायल राज ऋषि कॉलेज के खेल मैदान में आयोजित की जाएगी। जिसमें जिले के सीनियर वर्ग के खिलाड़ियों को अपना जन्म प्रमाण पत्र या पहचान पत्र के साथ एक फोटो लेकर आना अनिवार्य है। चयनित टीम बाड़मेर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी। ट्रायल के बाद रविवार शाम को टीम की घोषणा की जाएगी।

## पाकिस्तान ने दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 152 रनों से हराकर सीरीज 1-1 से बराबर की



**मुल्तान, एजेंसी।** पाकिस्तान ने मुल्तान क्रिकेट स्टेडियम में दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड पर 152 रनों की शानदार जीत के साथ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज 1-1 से बराबर कर ली। यह जीत पाकिस्तान के स्पिनरों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत मिली, जिन्होंने दोबारा इस्तेमाल की गई पिच का पूरा फायदा उठाया और चौथे दिन लंच से पहले इंग्लैंड को 144 रनों पर आउट कर दिया। इस नतीजे के बाद अगले हफ्ते रावलपिंडी में रोमांचक सीरीज का निर्णायक मुकाबला होगा, जिसमें सीरीज 1-1 से बराबर होगी।

297 रनों के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करते हुए, बाएं हाथ के स्पिनर नोमान अली ने इंग्लैंड के बल्लेबाजों को ढेर कर दिया, जिन्होंने चौथे दिन सुबह गिरे आठ में से सात विकेट चटकाए, दूसरी पारी में 8-46 और मैच में कुल मिलाकर 11-147 के आंकड़े हासिल किए। मैच में नौ विकेट लेने वाले साजिद खान को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। नोमान ने ऑफ स्पिनर साजिद खान के साथ मिलकर, जिन्होंने दोनों पारियों में नौ विकेट लिए, इंग्लैंड की स्पिन के सामने कमजोरियों को उजागर किया। दोनों ने मिलकर 20 विकेट आपस में बांटने का दुर्लभ कारनामा किया, ऐसा टेस्ट इतिहास में केवल सात बार हुआ है। पाकिस्तान की जीत का श्रेय उनके चयन और पिच की स्थिति को दिया गया। पहले टेस्ट में शर्मनाक हार के बाद, जहां इंग्लैंड ने रिकॉर्ड तोड़ 823-7 रन बनाकर पारी घोषित की, पाकिस्तान ने आमूलचूल परिवर्तन किए। उन्होंने पूर्व कप्तान बाबर आजम, तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी और नसीम शाह को बाहर कर दिया, और दोबारा इस्तेमाल की गई मुल्तान की पिच पर स्पिन-बहुल आक्रमण का विकल्प चुना। इस कदम ने लाभ दिया क्योंकि नोमान और साजिद ने तीखे टर्न और अप्रत्याशित उछाल का पूरा फायदा उठाते हुए इंग्लैंड को घुटने टेकने के लिए मजबूर कर दिया।

चौथे दिन की शुरुआत में ही निर्णायक मोड़ आ गया जब इंग्लैंड ने 36-2 से खेलना शुरू किया, उसे अभी भी एशिया में अपने अब तक के सर्वोच्च स्कोर का पीछा करने के लिए 261 रन और चाहिए थे। स्पिन का सामना करने के लिए इंग्लैंड का दृष्टिकोण आक्रामक लग रहा था, लेकिन यह पाकिस्तान के हाथों में चला गया। ओली पोप दिन की आठवीं गेंद पर आउट हो गए, उन्होंने साजिद को रिटर्न कैच दिया और उसके बाद से टीम का पतन तेजी से हुआ।

इंग्लैंड के सबसे अनुभवी बल्लेबाजों में से एक जो रूट नोमन की गेंद पर स्वीप करने की कोशिश में एलबीडब्ल्यू आउट हो गए, जबकि हैरी ब्रूक एलबीडब्ल्यू आउट हो गए। आमतौर पर भरोसेमंद माने जाने वाले जेमी स्मिथ ने मिड-ऑन पर आसान कैच थमा दिया और अचानक इंग्लैंड का स्कोर 87-6 हो गया, जिससे टीम मुश्किल में पड़ गई। कप्तान बेन स्टोक्स ने कुछ समय तक प्रतिरोध किया, हर मौके पर स्वीप और रिवर्स स्वीप किया। उन्होंने ब्रायडन कार्स के साथ मिलकर 31 गेंदों पर 37 रन जोड़े, जिसमें कार्स ने साजिद की गेंद पर लगातार दो छक्के लगाने से पहले एलबीडब्ल्यू के फैसले को पलट दिया। हालांकि, स्टोक्स के आक्रामक इरादे की वजह से उनका पतन हुआ, क्योंकि उन्होंने नोमान पर हमला किया, इस प्रक्रिया में उनका बल्ला छूट गया और विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान ने उन्हें स्टंप कर दिया।

पुछल्ले बल्लेबाजों ने जल्दी ही क्रीज छोड़ दी, कार्स की गेंद स्लिप में चली गई और जैक लीच की गेंद शॉर्ट लेग पर जा पहुंची। शोएब बशीर अगली ही गेंद पर सिली पॉइंट पर कैच आउट हो गए, जिससे पाकिस्तान की जीत पक्की हो गई और इंग्लैंड की पाकिस्तान में लगातार चार मैच जीतने की लय टूट गई। पाकिस्तान की सफलता केवल उनके स्पिनरों की वजह से नहीं थी, क्योंकि उन्होंने कामरान गुलाम के बेहतरीन डेब्यू शतक की बदौलत खुद को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया था। बाबर आजम की जगह गुलाम ने पाकिस्तान की पहली पारी में अहम शतक बनाया और उन्हें 366 रन तक पहुंचाया। इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने शुरुआत में अच्छी प्रतिक्रिया दी और एक समय 211-2 रन बनाकर अच्छी स्थिति में थे, लेकिन नाटकीय पतन के कारण वे 291 रन पर आउट हो गए और पाकिस्तान को 75 रन की बढ़त मिल गई।

इंग्लैंड को फील्डिंग में चूके मौकों का भी मलाल होगा।

पाकिस्तान की दूसरी पारी के दौरान, जब खेल अभी भी संतुलन में था, विकेटकीपर जेमी स्मिथ और जो रूट ने ब्रायडन कार्स की गेंद पर एक ही ओवर में सलमान आगा का दो बार कैच छोड़ा। सलमान ने 63 रन बनाए, जिससे पाकिस्तान ने लगभग अजेय लक्ष्य निर्धारित किया। कठिन परिस्थितियों और टॉस हारने के नुकसान के बावजूद, इंग्लैंड ने मैच में अपने पल बिताए।

# आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में उत्तर सकते हैं केएल राहुल और ध्रुव ज़ुरेल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस बात की प्रबल संभावना है कि विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल और ध्रुव जुरेल इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की इस साल के अंत में होने वाली मेगा नीलामी में शामिल होंगे। वर्तमान में, सभी टीमों के लिए मेगा नीलामी से पहले अपने रिटेंशन को पूरा करने की समय सीमा 31 अक्टूबर है।

प्रत्येक फ्रेंचाइजी रिटेंशन और आरटीएम विकल्प के संयोजन के माध्यम से अधिकतम छह खिलाड़ियों को रिटेन कर सकती है। छह रिटेंशन या आरटीएम में अधिकतम पांच कैप्ड खिलाड़ी (भारतीय और विदेशी खिलाड़ियों का संयोजन) और अधिकतम दो अनकैप्ड खिलाड़ी हो सकते हैं। राहुल ने 2022 सीजन से पहले लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए 38 मैचों में 1410 रन बनाए हैं। इसके बावजूद, सूत्रों ने संकेत दिया है कि फ्रेंचाइजी द्वारा रिटेन किए जाने के बजाय उनके मेगा नीलामी में शामिल होने की संभावना है। इस समाचार एजेंसी को सूत्रों ने बताया, इस बारे में काफी चर्चा हो रही है कि राहुल वाकई मेगा नीलामी में उतरना चाहते हैं, क्योंकि एलएसजी उन्हें रिटेन नहीं कर सकती है। रिटेन किए जाने वाले खिलाड़ियों या रिटेंशन की कीमत के बारे में विभिन्न चर्चाओं के नतीजों के आधार पर, अगर राहुल नीलामी सूची में शामिल होते हैं, तो किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए।

राहुल इससे पहले आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद, पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। अगर वह मेगा नीलामी में उतरते हैं, तो यह देखकर





आश्चर्य नहीं होगा कि कई टीमें उन्हें अपने सेट-अप में शामिल करने के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी, खासकर उनके कैप्ड विकेटकीपर-बल्लेबाज होने और पूर्व नेतृत्व अनुभव के अनूठे संयोजन को देखते हुए। इस बीच, सूत्रों ने बताया कि 2023 सीज़न से राजस्थान रॉयल्स के लिए 28 आईपीएल मैच खेलने वाले जुरेल, फ्रेंचाइजी द्वारा रिटेन किए जाने से साफ इनकार करने के बाद मेगा नीलामी में शामिल होने वाले एक और कैप्ड भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज हैं। इस साल भारत के लिए टेस्ट और टी20 में डेब्यू करने वाले जुरेल ने अपने फिनिशिंग स्किल्स के जरिए आईपीएल में नाम कमाया है। वे फ्रेंचाइजी के लिए उनके मैचों में इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर आए और अपने ठोस स्वभाव और काम के तरीके से क्रिकेट के माहौल में सभी को प्रभावित किया। यह भी पता चला है कि राजस्थान रॉयल्स के एक अनाम वरिष्ठ अधिकारी को बेंगलुरु में देखा गया, जहां भारतीय टीम वर्तमान में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज का पहला मैच खेल रही है।

इससे पता चलता है कि फ्रेंचाइजी अभी भी जुरेल को रिटेन करने के लिए उनसे बातचीत कर रही है। पिछली आईपीएल नीलामी में इशान किशन, कुमार कुशाग्र और रॉबिन मिंज जैसे विकेटकीपर बल्लेबाजों ने अपने बेहतरीन कौशल के कारण नीलामी में बड़ी रकम हासिल की है। राहुल और जुरेल अगर आगामी मेगा नीलामी में उतरते हैं तो वे काफी ध्यान आकर्षित करेंगे और संभावित रूप से ऊंची बोली भी लगेगी।

# शरद पूर्णिमा की रात प्राणनाथ मंदिर में उमड़े हजारों श्रद्धालु

## पूनम की चांदनी रात भक्ति भाव में डूबे श्रद्धालुओं के जयकारों से गूँजा शहर

### महामति श्री प्राणनाथ मंदिर में पंचमी तक चलेंगी जागिनी रास की लीलायें





**पन्ना।** प्रणामी सम्प्रदाय के प्रमुख तीर्थ पद्मावतीपुरी धाम पन्ना में अन्तर्राष्ट्रीय शरदपूर्णिमा महोत्सव के अवसर पर देश के विभिन्न हिस्सों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े। महामति श्री प्राणनाथ जी मंदिर में शरदपूर्णिमा की रात भक्ति भाव ( गरबा रास ) में डूबे श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाते हुए खूब नृत्य किया। हजारों सुन्दरसाथ व नगरवासियों ने श्री जी को निहारकर अपने नैनों को तृप्त किया। जैसे ही मध्य रात्रि में बंगला जी दरबार साहब से श्री जी की सवारी रासमण्डल के लिये निकली, वैसे ही रास के रचइया की, श्री प्राणनाथ प्यारे के जयकारों से पन्ना नगरी गूंज उठी। मालूम हो कि इस महोत्सव में शामिल होने के लिए देश-विदेश से हजारों की संख्या में लोग पन्ना पहुंचते हैं।

उल्लेखनीय है कि श्री प्राणनाथ जी ने सुन्दरसाथ जी को श्री राज जी-श्यामा जी की अलौकिक अखण्ड रासलीला, जागिनी रास का दर्शन कराया था। प्रणामी धर्म का सबसे पवित्र धाम श्री गुम्बट जी मन्दिर जिसका प्रांगण बृह्म चबूतरा कहा जाता है। यहीं पर श्री प्राणनाथ जी ने अपने परम स्नेही सुन्दरसाथ जी को श्री राज जी-श्यामा जी की अलौकिक अखण्ड रासलीला, जागिनी रास का दर्शन कराया था। इसीलिये इसे जागिनी लीला भी कहा जाता है। उसी समय से अन्तर्राष्ट्रीय शरदपूर्णिमा महोत्सव का यहां पर बड़े ही धूमधाम और भक्ति भाव के साथ आयोजन किया जाता है। श्रद्धालु यहां विराजमान साक्षात अक्षरातीत पूर्णबृह्म के अलौकिक रास के आनंद में सराबोर होते हैं। गुरुवार पूनम की रात जैसे ही श्रीजी की भव्य सवारी बंगला जी दरबार साहब से रासमण्डल में आई तो वहां उपस्थित हजारों सुन्दरसाथ अपने पिया के साथ प्रेम रंग में डूब गये। यह अखण्ड रास का आयोजन पांच दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय शरदपूर्णिमा उत्सव के रूप में रात-दिन चलेगा।

श्री राज जी महाराज के दिव्य शोभा यात्रा को मन्दिर के पुजारियों द्वारा अपने कंधों पर पूर्ण भाव के साथ रास मंडल लाई गई। इस महोत्सव में प्रणामी धर्म के सभी गादीपति, धर्मगुरू व संतगण उपस्थित रहकर कार्यक्रम में शामिल रहे । सर्वप्रथम श्री बंगला जी मन्दिर में सेवा, पूजा व आरती हुई। तत्पश्चात श्री राज जी महाराज के दिव्य सिंहासन को मन्दिर के पुजारियों द्वारा अपने कंधों पर लेकर श्री प्राणनाथ जी के जयघोष के साथ शोभयात्रा रात्रि ठीक 12 बजे निकली। शोभायात्रा निकलते ही उपस्थित हजारों की संख्या में प्रणामी धर्मावलम्बी सुन्दरसाथ की भावनायें व उत्साह कुछ ऐसा दिखा जैसे कि श्री प्राणनाथ जी स्वयं पालकी में विराजमान हों। शोभायात्रा बृह्म चबूतरे पर ही स्थित रासमण्डल में पधराई गई। श्री राज जी की शोभयात्रा की एक झलक पाने के लिये सुन्दरसाथ बेताब दिखे। देश के कोने-कोने से आये सुन्दरसाथ पारम्परिक वेशभूषा में सुसज्जित अपनी-अपनी बोलियों में भजन-कीर्तन करते नजर आये।

अंतर्राष्ट्रीय शरद पूर्णिमा महोत्सव को लेकर श्री 108 प्रार्थना जी मंदिर ट्रस्ट के द्वारा विगत 6 माह से तैयारी शुरू कर दी गई थी। इन तैयारी में श्रद्धालुओं के लिए आवास व्यवस्था लंगर व्यवस्था के साथ-साथ सुचारू रूप से आयोजित कार्यक्रम के लिए वाटरप्रूफ टेंट व्यवस्था की गई है। इसके अलावा स्थानीय जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा भी इस पूरे आयोजन के लिए सहयोग किया गया। इस महोत्सव में मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महेश भाई पटेल, उपाध्यक्ष तिलक राज शर्मा महाप्रबंधक देशभूषण शर्मा ट्रस्टी चंद्र कृष्ण त्रिपाठी अभय शर्मा, दिनेश शर्मा, प्रमोद शर्मा, रंजीत शर्मा, गोपाल शर्मा, प्रबंधक मनोज शर्मा, उपप्रबंधक आशीष शर्मा के साथ साथ धामी समाज के लोगों द्वारा उक्त तैयारी में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# साठ साल बाद सकरिया हवाई पट्टी से फिर हवाई जहाज भरेगीं उड़ान





### औपचारिक रूप से हुआ शुभारंभ

पन्ना

पन्ना जिले मे स्थित सकरिया हवाई पट्टी का फिर से शुभारंभ हो गया है। उक्त हवाई पट्टी का नाम अब रूद्रगढ़ के नाम से जाना जायेगा। उक्त पट्टी को दिल्ली के आरपी सिंह द्वारा फॉल्कन एविएशन अकादमी द्वारा लिया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व कैबिनेट मंत्री पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह तथा डॉक्टर महेंद्र सिंह एवं पूर्व सासंद हमीरपुर अशोक सिंह चन्देल, बीजेपी जिलाध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा द्वारा फीता काटकर किया गया। हवाई पट्टी के लोकार्पण से अब पन्ना में भी हवाई सेवा की सुविधा मिल सकेगी। फॉल्कन एविएशन अकादमी द्वारा यहां पायलट प्रशिक्षण केन्द्र संचालित किया जाएगा। हवाई पट्टी सकरिया की रूद्रगढ़ के नाम से अलग पहचान भी स्थापित होगी। शुभारंभ अवसर पर उपस्थित पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि छोटे जिले पन्ना में हवाई पट्टी के बेहतर स्वरूप में संचालन से क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। एविएशन क्षेत्र में कैरियर निर्माण के लिए उत्सुक युवाओं को पायलट प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने इस सौगात पर सराहना करते हुए कहा कि पन्ना प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर है। स्थानीय स्तर पर एविएशन सहित अन्य क्षेत्रों में भी रोजगार के अवसरों की व्यापक संभावना है। यहां के पन्ना नेशनल पार्क में बाघ की मौजूदगी ने विश्वभर के पर्यटकों को आकर्षित किया है। धार्मिक नगरी पन्ना के मंदिरों की अलग पहचान है। यहां धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा देने की आवश्यकता है। साथ ही यहां वेलनेस सेन्टर का भी अच्छा स्कोप है। उन्होंने उम्मीद व्यक्त की कि फ्लाइट कनेक्टिविटि मिलने से पन्ना अन्य शहरों से सुगमतापूर्वक जुड़ सकेगा। ज्ञात हो कि उक्त हवाई पट्टी साठ साल पूर्व विधिवत रूप से संचालित थी। जो किन्ही कारणो के चलते बंद हो गई थी। उक्त कार्यक्रम में सतानंद गौतम, जय प्रकाश चतुर्वेदी, डॉ. आशीष गौतम, आर.पी.एन. सिंह, कमलेन्द्र सिंह एवं अन्य अतिथि गण उपस्थित रहे।

# उप निरीक्षक भानू प्रताप सिंह ने क्षेत्रीय पत्रकार से की मारपीट

## अंगुली टूटी, जिला अस्पताल में भर्ती



**पन्ना।** जिले के शाहनगर थाना अन्तर्गत ग्राम टिकरिया में क्षेत्रीय पत्रकार पेप्टीक टाईम्स के संवाददाता सतीश विश्वकर्मा के साथ बृजपुर मे पदस्थ थाना प्रभारी भानू प्रताप सिंह नें सरेआम सड़क पर मारपीट की है, तथा उसका मोबाईल भी छीन कर ले गयें, मारपीट में श्री विश्वकर्मा की अंगुली टूट गई है, जिससे वह अस्पताल मे भर्ती है, बताया जाता है कि भानू प्रताप सिंह टिकरिया में कार्यवाही करने के लिए गये थें। उसी दौरान पत्रकार विश्वकर्मा नें समाचार कवरेज करने के उद्देश्य से मोबाईल से वीडियों बनाने का प्रयास किया था। जिसको लेकर भानू प्रताप नाराज हो गये और उन्होने आपा खोते हुए मारपीट की। इनके द्वारा पूर्व में भी जिला अस्पताल में भी कुछ संवाददाताओं के खिलाफ अभद्र व्यवहार किया थ। जिसकी शिकायत पुलिस अधीक्षक से की गई थी तथा मामले की जांच एसडीओपी द्वारा की जा रही है। उनके द्वारा यह दूसरा कारनामा कर दिया गया है। लगातार कारनामा करने के बावजूद कार्यवाही नहीं की जा रही है। जिससे पुलिस विभाग की छवि लगातार धूमिल हो रही है तथा प्रदेश सरकार के उपर भी प्रश्न चिन्ह खड़े हो रहें है।

# पॉलीटेक्निक कालेज के खेल मैदान में व्यापार मेला आयोजन के विरोध में मामला दायर



**पन्ना।** पन्ना जिला न्यायालय पन्ना के अधिवक्ता राजेश दीक्षित द्वारा लोकोपयोगी अदालत पन्ना के अध्यक्ष न्यायाधीश हरप्रसाद वंशकार के समक्ष प्रकरण दायर करते हुए पालीटेक्निक कालेज पन्ना के खेल मैदान में आयोजित पन्ना मनोरंजन व्यापार मेला पर कार्यवाही की मांग की गई है। अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर शासन पक्ष के अनावेदकगणों मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव गृह विभाग, तकनीकी शिक्षा, लौक निर्माण, नगरीय प्रशासन सहित जिले के कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक, सीएमओ नगर पालिका पन्ना, प्राचार्य पालीटेक्निक के कालेज पन्ना को नोटिस जारी करते हुए प्रकरण में उपस्थिति एवं जबाव के लिए के तारीख 22 अक्टूबर 2024 निर्धारित की वा गई है। अधिवक्ता द्वारा न्यायालय में प्रस्तुत कर प्रकरण में कहा गया है कि शासकीय पालीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना का खेल ग्राउण्ड जिसमें खेल के अतिरिक्त अन्य अनावश्यक गतिविधियां संचालिच न की जाये। उसके बावजूद अवैधानिक रूप से खेल मैदान में प्रदर्शनी मेला का संचालन किया जा रहा है। जो विधि विरूद्ध है।

# संत बैराग्य सदन बनें महंत

**पन्ना।** सदगुरु कबीर ध्यान-योग मंदिर ट्रस्ट शाला सिमरा खुर्द के तत्वाधान में शरद पूर्णिमा के अवसर पर मंदिर परिषर में ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें भारी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहें। तथा ट्रस्ट मे खाली महंत के पद पर संत बैराग्य सदन को पदस्थ किया गया है। उक्त कार्यक्रम में विशेष रूप से वरिष्ठ महंत सनाथ साहब रीवा उपस्थित रहें। जिनके द्वारा मंत्रोपचार के साथ उन्हे महंत के पद पर विराजमान किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में लोग उपस्थित रहें। तत्पश्चात् मंदिर परिषर में विशाल भंडारा आयोजित किया गया। जिसमें क्षेत्र के हजारो लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया।

# ग्राम पंचायत मुख्यालय गडोखर में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोला जाये : डॉ.पाण्डेय

## प्रभारी मंत्री को भेजा एक सूत्रीय ज्ञापन

पन्ना



मध्यप्रदेश राज्यपत्रित अधिकारी संघ पन्ना के जिला प्रवक्ता डॉ. एम.पी. पॉण्डेय ने बीते दिवस मुख्यालय पन्ना में हमारे मैदानी संवादाता को बताया कि बीते लंबे समय से प्रस्तावित ग्राम पंचायत मुख्यालय गडोखर में छः बिस्तरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोले जाने हेतु मार्चा-अप्रेल के वित्तीय बजट में प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति आदेश संधारण बावत् प्रभारी मंत्री एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार को एक सूत्रीय ज्ञापन भेजा गया है। श्री पान्डेय ने बताया कि देश की आजादी 74 वर्ष बीतने के बाद भी आज दिनांक तक बहुउददेशिय स्वास्थ्य कार्यकर्ता पुरूष/महिला के बैठने हेतु उप स्वास्थ्य केन्द्र तक का निर्माण नही हुआ कुल मिलाकर प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार ग्राम गडोखर में शासकीय कर्मचारी आवास कालोनी का निर्माण कराये जाने हेतु आज दिनांक तक कोई पहल नही की गई जबकि ग्राम गडोखर में प्राथमिक व माध्यमिक शाला, ऑगनबाडी केन्द्र पटवारी हल्का नंबर 14 इधर उधर आवास की व्यवस्था हेतु दर दर की ठोकरे खाते हुये इधर उधर दिन रात चक्कर लगा रहे है। डॉ0 पॉण्डेय के अनुसार क्षेत्रीय संसाद विष्णुदत्त शर्मा बार बार विजय पाने के साथ भी ग्राम गडोखर की जनताजर्नादन से मिलना उचित नही समझते। बीते दिवस मुख्यालय पन्ना गुनौर- 59 क्षेत्रीय विधायक डॉ0 राजेश वर्मा के निवास पर प्रस्तुत ज्ञापन में डॉ0 पॉण्डेय ने लेख किया है कि प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, आयुष संचालनालय सहित राज्य शासन जिला प्रशासन पन्ना एवं कलेक्टर के निर्देश जारी होने के उपरांत मुख्यालय गडोखर के सडक किनारे तीन एकड शासकीय भूमि सुरक्षित है और आवश्यकता पडने पर वह जमीन निजि खाते में से कृषक दानपत्र देने हेतु तैयार है। ऐसी स्थिति में आगामी नवीन वित्तीय वर्ष 2025 के दायरे मे 06 बिस्तरी अस्पताल अतिरिक्त लघु प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तत्काल प्रभाव से आदेश संधारण बावत राज्य शासन तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करे ऐसा आम जनता का मानना है।

# डेंगू से बचाव व नियंत्रण के लिए एडवाइजरी जारी

**पन्ना।** स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा डेंगू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। इस संबंध में अवगत कराया गया है कि डेंगू एडीज नामक मच्छरों के काटने से फैलने वाली बीमारी है। यह मच्छर हमारे घर व आसपास साफ और रूके पानी में पनपता है। डेंगू का मच्छर सामान्यत: दिन में काटता है तथा उत्पत्ति स्थल के 400 मीटर के दायरे में सक्रिय रहता है। घर में नमी और अंधेरे वाले स्थान में छुपकर विश्राम करता है। मच्छरों के पनपने का प्रमुख स्थान घर, छत व आसपास विभिन्न प्रकार के खुले पड़े जल पात्र जैसे पानी की टंकी, टायर, गमले, कूलर, मिट्टी के दिए, छत, मटके, पाइप, गड्ढे, मनी प्लांट के पॉट, प्लास्टिक की बोतल, कप, गिलास, टूटा फूटा सामान व खिलौने, कनस्तर और अन्य सामान में भरा साफ पानी इत्यादि है।

# बाल अधिकार तथा बाल विवाह को लेकर सिमरिया सनशाइन पब्लिक स्कूल मे कार्यक्रम आयोजित



**पन्ना।** सनशाइन पब्लिक स्कूल सिमरिया में संकल्प समाजसेवी संस्था के परियोजना एक्सेस टू जस्टिस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सिमरिया तहसीलदार एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ पन्ना की ब्रांड एंबेसडर सुश्री गौरी अरजरिया उपस्थिति रही। संस्था द्वारा बाल अधिकार एवं बाल विवाह पर ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के बच्चों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें प्रथम हर्षित सिंह द्वितीय पूर्वी राजा एवं तृतीय स्थान आराध्या अग्रवाल ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तहसीलदार एवं शुश्री गोरी अरजरिया के द्वारा बच्चों को प्रमाण पत्र वितरण किये गये साथ ही सभी को बाल विवाह एवं बाल अधिकार एवं बाल अधिकार रोकने की शपथ दिलाई गई। संस्था से रामनिवास खरे स्कूल के प्राचार्य, शिक्षक एवं बच्चे उपस्थिति रहे।

# जैन समाज ने निकाली बिनौली यात्रा

**देवेंद्रनगर।** पन्ना जिले के ग्राम महेवा की ब्र.नेमी दीदी 17 नवंबर को गुजरात के माण्डवी नगर में आचार्य श्री वासुपूज्य सागर जी के पट्टशिष्य आचार्य श्री श्रेय सागर जी महाराज से जैनेश्वरी दीक्षा धारण करने जा रही हैं इस अवशर पर दीक्षार्थी बहिन का गोदभराई कार्यक्रम देवेंद्र नगर में आयोजित किया गया जिसमें दीक्षार्थी का सम्मेद शिखर जी से देवेंद्रनगर आगमन 14अक्टूबर को हुआ तथा 15 अक्टूबर को प्रात: जिनपूजन एवं नगर में विराजमान आर्यिका विरम्याश्री माताजी एवं विसंयोजना श्री माता जी पूज्य माताजी ससंघ की चरण वंदना करने के उपरांत भोजन चर्या श्रीमान राकेश जैन राहुल जैन (खभरा परिवार) के निवास पर संपन्न हुई संध्या समय 6:30 बजे बैण्ड बाजों के साथ श्रीमान राकेश जैन राहुल जैन (खभरा बाले) के निवास से मंदिर जी के लिए बिनौली यात्रा निकाली गई। जहां पर समाज द्वारा चौकपूरण/ कलश स्थापना/दीप प्रज्वलन /माला मुकुट अवधारण/ रक्षा सूत्र (राखी) बंधन/ हल्दी/ मेहंदी तथा गोदभराई आदि कार्यक्रम श्रावक परिवार द्वारा संपन्न किये गये। श्रावक श्रेष्ठी बनने का सौभाग्य भी खभरा परिवार को प्राप्त हुआ इस अवसर पर जैन समाज अध्यक्ष एडवोकेट प्रदीप जैन, उपाध्यक्ष इंद्र चंद्र जैन, कल्पना जैन,मंत्री रवि जैन, राहुल जैन,राजुल जैन,साधना जैन, कोषाध्यक्ष संजय जैन मम्मा, मनीष जैन, मुनि व्यवस्था अध्यक्ष रबींद्र जैन बब्लू, सहित समस्त पदाधिकारियों ने दीक्षार्थी के प्रति अहोभाव समर्पित किया। प्रतिष्ठाचार्य पंडित संकेत जैन (विवेक) देवेंद्रनगर के निर्देशन में समस्त कार्यक्रम विधिवत संपन्न कराया गये।संपूर्ण कार्यक्रम में समस्त जैन धर्मावलंबी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर गिरोह के 10 सक्रिय सदस्यो को किया गिरफ्तार

## आरोपियों के कब्जे से चोरी की 51 मोटर साइकिल बरामद



**अमानगंज।** पुलिस थाना प्रभारी महेंद्र सिंह भदोरिया द्वारा आज दिनांक 17 अक्टूबर को पुलिस थाना अमानगंज प्रांगण में पुलिस अधीक्षक पन्ना की मौजूदगी में प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से मोटरसाइकिल चोरी का खुलासा किया जिसमें पुलिस ने कहा कि पन्ना जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रो में पिछले कुछ समय से मोटर साइकिल चोरी होने की वारदाते घटित हो रही थी। पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा मोटर साइकिल चोरी की घटना को गंभीरता से लिया जाकर मोटर साइकिल चोरी करने वाले आरोपियों की पतासाजी एवं चोरी गई मोटर साइकिलो की बरामदगी हेतु थाना प्रभारी अमानगंज उनि महेन्द्र सिंह भदौरिया, थाना प्रभारी बृजपुर उनि भानु प्रताप सिंह चौहान एवं पुलिस सायबर सेल की संयुक्त टीम का गठन किया गया। उक्त पुलिस टीम द्वारा पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गुनौर ग्लैडविन एडवर्ड कार के मार्गदर्शन में चोरी की गई 51 मोटरसाइकिलों को बरामद किया जाकर मामले 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। अलग-अलग फरियादियों की रिपोर्ट पर पन्ना जिले के विभिन्न थानो में मोटर साइकिल चोरी होने संबंधी अपराध दर्ज किये गये थे। मामले में पुलिस पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन में गठित पुलिस टीम द्वारा पुलिस सायबर सेल टीम पन्ना एवं मुखबिर से मिली जानकारी के आधार पर मामले में 01 संदिग्ध व्यक्ति को पवई से पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूँछताछ की गई। पूँछताछ पर उक्त संदेही द्वारा पुलिस अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर पन्ना जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रो एवं कटनी, दमोह तरफ विभिन्न स्थानो से मोटर साइकिलो को चोरी करना स्वीकार किया गया। उक्त संदेही व्यक्ति द्वारा बताया गया कि हम लोग चोरी की गई मोटरसाइकिलो को चोरी करने के बाद मोडीफाई करवा लेते थे। पुलिस टीम द्वारा उक्त संदेही के बताये अनुसार मामले में कुल 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर आरोपियों के कब्जे से पन्ना जिले से चोरी होने वाली करीब 30 मोटर साइकिलों सहित दमोह एवं कटनी जिले से चोरी होने वाली मोटर साइकिलो की भी बरामद की गया है पन्ना पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से कुल 51 मोटर साइकिल कीमती करीब 20 लाख रूपये की बरामद की गई है। मामले में 02 अन्य आरोपी फरार है जिन्हे पुलिस द्वारा जल्द गिरफ्तार किया जायेगा। मामले में विवेचना जारी है।

गिरफ्तार आरोपी 01. पुष्पेन्द्र उर्फ पी.के. विश्वकर्मा पिता किशुन लाल विश्वकर्मा उम्र 24 साल खमरिया थाना पवई 02. उपेन्द्र सिंह बैश पिता रूद्र प्रताप सिंह उम्र 23 साल निवासी रेहुटां थाना पवई 03. नसीर उर्फ नसीरूद्दीन खान पिता अमीनुद्दीन खान उम्र 34 साल निवासी पवई 04. असलम पिता स्माईल खान उम्र 20 साल निवासी वार्ड नं. 15 पवई 05. राज सिंह उर्फ बिट्टू राजा पिता नरेन्द्र सिंह बघेल उम्र 21 साल निवासी वार्ड नं. 11 पवई 06. रविन्द्र कोरी पिता हल्के कोरी उम्र 32 साल निवासी पवई (चोरी की मोटर साईकिल खरीदना एवं मोडीफाईड करना) 07. मनोज पिता लखन विश्वकर्मा उम्र 23 साल निवासी बेहरासन थाना पवई (चोरी की मोटर साईकिल खरीदना एवं मोडीफाईड करना) 08. आशुतोष उर्फ आंशू पाठक पिता कमलेश पाठक उम्र 21 साल निवासी कुम्हारी हाल पवई (चोरी की मोटर साईकिल खरीदना एवं मोडीफाईड करना) 09. सोनू गुप्ता पिता संतोष गुप्ता उम्र 21 साल निवासी बोरी (महेबा) थाना शाहनगर (चोरी की मोटर साईकिल खरीदना एवं मोडीफाईड करना) 10. सौरभ विश्वकर्मा पिता विनोद विश्वकर्मा उम्र 24 साल निवासी टिकरिया थाना शाहनगर (चोरी की मोटर साईकिल खरीदना एवं मोडीफाईड करना)

जप्त मशरूका - पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के कब्जे से विभिन्न कंपनियों की करीब 51 मोटर साईकिल कीमती 20 लाख रूपये की जप्त की गई हैं।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर सीधी, शनिवार 19 अक्टूबर 2024



नवनिर्मित रीवा एयरपोर्ट का प्रधानमंत्री वर्चुअल माध्यम से 20 अक्टूबर को शुभारंभ करेंगे। लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री प्रभारी मंत्री शामिल होंगे। संभागायुक्त और आईजी ने आज कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।



# विन्ध्य में औद्योगिक निवेश के लिए है सकारात्मक वातावरण : कमिश्नर

## कमिश्नर ने औद्योगिक निवेश के लिए उद्योगपतियों से किया संवाद

रीवा

रीवा में 23 अक्टूबर को रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। इस सिलसिले में रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने उद्योगपतियों से कमिश्नर कार्यालय में आयोजित बैठक में संवाद किया। संभाग के अन्य जिलों के कलेक्टर एवं उद्योगपति वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए। कमिश्नर ने कहा कि विन्ध्य में प्राकृतिक संसाधन भरपूर हैं। उद्योगों की स्थापना के लिए यहाँ पूरे अवसर हैं। इन अवसरों को अमलीजामा पहनाने का समय आ गया है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी की विशेष पहल पर 23 अक्टूबर को रीवा में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है।



अब विन्ध्य में औद्योगिक निवेश के लिए सकारात्मक वातावरण का निर्माण हो रहा है। मुख्यमंत्री जी 20 अक्टूबर को एयरपोर्ट के लोकार्पण समारोह स्थल पर भी संभाग के उद्योगपतियों से क्षेत्र के औद्योगिक विकास के संबंध में संवाद करेंगे।

बैठक में कमिश्नर ने कहा कि उद्योगपतियों ने धान की मिलिंग नीति, बिजली की आपूर्ति में सुधार, औद्योगिक क्षेत्र में दोहरा कराधान तथा अधोसंरचना विकास सहित जो भी मुद्दे उठाए हैं उन्हें यथा शीघ्र हल करने का प्रयास किया जा रहा है। सभी नीतिगत मुद्दों को वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। औद्योगिक निवेश तथा उद्योगों के विकास की सभी बाधाएँ दूर की जाएंगी। संभाग के सभी उद्योगपति 20 अक्टूबर की बैठक तथा 23 अक्टूबर को आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में भाग लेने के लिए आमंत्रित हैं। सब मिलकर विन्ध्य के विकास के लिए विचार मंथन कर उन्नति का मार्ग प्रशस्त करेंगे। बैठक में उद्योगपति श्री राजीव खन्ना, श्री मोहित टंडन, श्री रंजन गुप्ता, श्री दिलीप सिंह, श्री नीलेश तिवारी, श्री रामचन्द्र अग्रवाल, श्री देवेन्द्र पाण्डेय, श्री शिवेन्द्र शुक्ला तथा अन्य उद्योगपतियों ने उपयोगी सुझाव दिए। कार्यक्रम में आईजी एमएस सिकरवार, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे, पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, क्षेत्रीय संचालक एमपीआईडीसी यूके तिवारी तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## धान उपार्जन के लिए छूटे हुए किसानों का पंजीयन 21 अक्टूबर तक

**रीवा।** जिले भर में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए किसानों का 14 अक्टूबर तक पंजीयन किया गया। पंजीयन की अवधि समाप्त होने के बाद कई किसानों द्वारा पंजीयन से वंचित रहने पर कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने शासन को पंजीयन की अवधि बढ़ाने का अनुरोध किया। रीवा जिले के पंजीयन से वंचित किसानों को 21 अक्टूबर तक समर्थन मूल्य में धान उपार्जन के लिए पंजीयन का अवसर दिया गया है। किसान खरीदी केन्द्र में आवश्यक दस्तावेज देकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। एमपी ऑनलाइन के कियोस्क सेंटर अथवा किसान एप से भी ऑनलाइन पंजीयन किया जा सकता है।

## जिला स्तरीय स्वीप नोडल अधिकारी नियुक्त

**रीवा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास आशीष द्विवेदी को जिला स्तरीय स्वीप नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

# सहकारी संस्थाओं में गबन व धोखाधड़ी के प्रकरणों की जांच की कार्यवाही कराकर निराकृत करायें : कलेक्टर

रीवा

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सहकारी संस्थाओं में गबन व धोखाधड़ी के प्रकरणों में जांच की कार्यवाही को गति देकर इन्हें निराकृत कराये जाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में गबन व धोखाधड़ी के प्रकरणों की समीक्षा की।

कलेक्टर ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित रीवा शाखा डभौरा में गत वर्षों में हुए गबन में अद्यतन स्थिति की जानकारी ली तथा पुलिस व अन्य स्तर से की जा रही जांच की कार्यवाही समय से पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने गबन व धोखाधड़ी में संलिप्त कर्मचारियों से वसूली की कार्यवाही की जानकारी ली तथा आरआरसी की प्रक्रिया को एक माह में पूर्ण करने की निर्देश दिये। बैठक ने चौखड़ी समिति ममें हुए गबन के प्रकरण में



एफआईआर कराकर कार्यवाही किये जाने हेतु कलेक्टर द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में बताया गया कि गबन व धोखाधड़ी के प्रकरणों में बैंक स्तर पर चार प्रकरणों में पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। डभौरा प्रकरण के सात कर्मचारियों को सेवा से पृथक किया जा चुका है साथ ही आरोपियों से तीन करोड़ 4 लाख 50 हजार 257 रूपये की राशि जमा कराई गई है। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक लाल महाप्रबंधक जिला सहकारी बैंक ज्ञानेन्द्र पाण्डेय सहित जांच एजेंसी के प्रतिनिधि तथा अधिकारी उपस्थित रहे।

# उप मुख्यमंत्री आज करेंगे राज्य स्तरीय शालेय कबड्डी खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ

रीवा

रीवा में 68वीं राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता 19 से 23 अक्टूबर तक आयोजित की जा रही है। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल 19 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे से आयोजित समारोह में प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे। प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट उमावि मार्तण्ड क्रमांक एक और तीन के मैदान में किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता सांसद श्री जनार्दन मिश्र करेंगे। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक देवतालाब श्री गिरीश गौतम, विधायक गुढ़ श्री नागेन्द्र सिंह, विधायक सिरमौर श्री दिव्यराज सिंह, विधायक मऊगंज श्री प्रदीप पटेल, विधायक सेमरिया श्री अभय मिश्रा, विधायक त्योंथर श्री सिद्धार्थ तिवारी, विधायक मनगवां श्री नरेन्द्र प्रजापति तथा जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल शामिल होंगी। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल तथा जिला अध्यक्ष भाजपा डॉ अजय सिंह भी शामिल होंगे।

इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी सुदामालाल गुप्ता ने बताया कि राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में 14 एवं 19 वर्ष के आयु समूह में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता बालक और बालिका दोनों वर्गों के लिए होगी। उद्घाटन समारोह में सभी संभागों के खिलाड़ी मार्चपास्ट में शामिल होंगे। समारोह में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। प्रतियोगिता का समापन 23 अक्टूबर को होगा।

# कमिश्नर ने रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव की तैयारियों का लिया जायजा

## कार्यक्रम स्थल राजकपूर ऑडिटोरियम में चल रही तैयारियों का किया अवलोकन

**रीवा।** रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने आगामी 23 अक्टूबर को आयोजित होने वाले रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल भी उपस्थित रहीं। कमिश्नर ने कार्यक्रम स्थल कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम एवं उसके परिसर में की जा रही तैयारियों का अवलोकन किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान कमिश्नर ने राजकपूर ऑडिटोरियम के मुख्य हाल में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह सहित परिसर में बनाए जा रहे सीएम लाउंज, उद्यमियों से वन टू



वन मीटिंग के लिए बनाए जा रहे कक्षों, पत्रकारों के लिए प्रेस दीर्घा, प्रदर्शनी स्थल तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए निर्धारित स्थल का अवलोकन किया और सभी तैयारियाँ समय पर पूरी कर लेने के निर्देश दिए। उन्होंने वाहनों की पार्किंग, आमंत्रितों के बैठने की व्यवस्था तथा भोजन व्यवस्था सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान कमिश्नर ने विशिष्ट व्यक्तियों, उद्योपतियों, स्थानीय उद्योगपतियों तथा पत्रकारों के प्रवेश के लिए निर्धारित स्थल का भी अवलोकन किया तथा निर्देश दिए कि सभी के लिए पास की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह, आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक लाल सहित वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

## उप मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट एथॉरिटी ऑफ इंडिया भोपाल के निदेशक के पिताजी के निधन पर शोक संवेदना प्रकट की

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने एयरपोर्ट एथॉरिटी ऑफ इंडिया भोपाल के निदेशक रामजी अवस्थी के निवास पहुंचकर उनके पूजनीय पिताजी के निधन पर शोक संवेदना प्रकट की तथा परिवारजनों को ढाढ़स बंधाया। उप मुख्यमंत्री ने गंगेव अन्तर्गत सर गांव पहुंचकर श्री अवस्थी के निवास में उनके पूज्य पिताजी के छायाचित्र के सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित की एवं परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी।



# निगम आयुक्त के निर्देश पर शहर में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही लगातार जारी

**रीवा।** निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे के निर्देश पर शहर में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा लगातार जारी है। दिनांक 18.10.2024 को खन्ना चौराहे के पास सड़क पटरी में झुग्गी बनाकर अस्थाई अतिक्रमण करते हुये यातायात को बाधित किया जा रहा था जिसे हटाने की कार्यवाही अतिक्रमण प्रभारी द्वारा की गई। इसी प्रकार ज्ञानस्थली स्कूल के सामने से ठेले, गुमटी वालों को हटवाया गया। साथ ही मोहन इंजीनियरिंग के सामने से मशीन रखने से आवागमन अवरूद्ध हो रहा था जिसे हटवाने की कार्रवाई की गई। साथ ही समझाईस दी गई कि पुनरावृत्ति किये जाने पर कड़ी कार्रवाई की जावेगी। हास्पिटल चौराहा से बिछिया अस्पताल तक एवं शहर के अन्य प्रमुख मार्गो से अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। उक्त कर्रवाई में अतिक्रमण प्रभारी के साथ अतिक्रमण दल मौजूद रहा।

# कलेक्टर ने नरवाई जलाने पर आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत लगाए प्रतिबंध

**नरवाई में आग लगाने वालों पर होगी कठोर कार्यवाही**

**रीवा।** धान तथा अन्य फसलों के खेतों में बचे अवशेष नरवाई जलाने से पर्यावरण प्रदूषण होने के साथ खेत की मिट्टी की उर्वरा शक्ति नष्ट होती है। इसे ध्यान में रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने नरवाई जलाने पर प्रतिबंध के आदेश दिए हैं। यह आदेश सम्पूर्ण रीवा जिले में तत्काल प्रभाव से लागू होगा। यह आदेश आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 30 के प्रावधानों के तहत जारी किया गया है। प्रतिबंध का उल्लंघन करके नरवाई जलाने पर आपदा प्रबंधन अधिनियम की धारा 51 से 60 के तहत प्रकरण दर्ज कर दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। जारी आदेश में कहा गया है कि नरवाई जलाने से पर्यावरण को प्रदूषण होने के साथ आसपास के खेतों और घरों में आग लगने का भय रहता है। नरवाई जलाने से पर्यावरण में प्रदूषण होता है। इसलिए नरवाई जलाने में प्रतिबंध के आदेश दिए गए हैं। कलेक्टर ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, सभी एसडीएम, तहसीलदार तथा कृषि विभाग के अधिकारियों को नरवाई जलाने की सूचना मिलने पर तत्काल कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

# रोजगार मेला 25 अक्टूबर को रीवा में

**रीवा।** शासकीय आईटीआई रीवा में 25 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक रोजगार मेला आयोजित किया गया है। रोजगार मेला मध्यप्रदेश संकल्प योजना के तहत आयोजित किया जा रहा है, जिसमें जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 9 कंपनियों एवं नियोजकों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों हेतु युवक एवं युवतियों की आयु सीमा 18 से 48 वर्ष के बीच निर्धारित की गई है। आयु सीमा विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग होगी। वेतन एवं भत्ते 8500 रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा।

उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में एनसी सप्लाई प्रा. लि., टीडीके इंडिया प्रा. लि., ईजीएलओ लाइटिंग इंडिया प्रा. लि., वीवीडीएन इंडिया प्रा. लि., बोनटन टेक्नोमेक फर्नीचर प्रॉ. लि. इंदौर (आईसेक्ट), स्वतंत्र माइक्रोफिन प्रा. लि. भोपाल, प्रगतिशील बायोटेक रीवा, प्रगतिशील एग्रोटेक रीवा तथा एचडीएफसी लाईफ इश्योरेन्स लि. रीवा में रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे।

## विशेष कोचिंग के लिए शिक्षकों का चयन किया जाएगा

**आवेदन पत्र 26 अक्टूबर तक जमा किये जा सकेंगे**

**रीवा।** शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय के बालक एवं कन्या छात्रावासों में प्रवेशित छात्र-छात्राओं को विशेष कोचिंग देकर मेडिकल, इंजीनियरिंग, चार्टर्ड एकाउंटेंसी एवं कंपनी सेक्रेटरी जैसी महत्वपूर्ण परीक्षाओं में सफलता के लिए शिक्षकों का चयन किया जाएगा। प्राचार्य से प्राप्त जानकारी के अनुसार नौवीं एवं दसवीं कक्षा के लिए गणित, विज्ञान एवं अंग्रेजी विषय के स्नातक एवं न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक व बीएड योग्यताधारी शासकीय एवं अशासकीय शिक्षक तथा 11वी व 12वी कक्षा के लिए भौतिक, रसायन, गणित, जीवविज्ञान, अंग्रेजी एवं वाणिज्य समूह में बहीखाता व अर्थशास्त्र के विषय के लिए स्नाताकोत्तर एवं न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक व बीएड योग्यताधारी शासकीय व अशासकीय शिक्षक अपने आवेदन 26 अक्टूबर को शाम 4 बजे तक जमा कर सकते हैं।

# कमिश्नर तथा आईजी ने रीवा एयरपोर्ट के लोकार्पण की तैयारियों का लिया जायजा

**रीवा।** नवनिर्मित रीवा एयरपोर्ट का प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअल माध्यम से 20 अक्टूबर को शुभारंभ करेंगे। लोकार्पण समारोह में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल, प्रभारी मंत्री श्री प्रहलाद पटेल सहित सांसदगण, विधायकगण तथा अन्य जनप्रतिनिधिगण भी शामिल होंगे। लोकार्पण समारोह रीवा एयरपोर्ट परिसर में आयोजित किया जा रहा है। लोकार्पण की तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं। रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद तथा आईजी एमएस सिकरवार ने लोकार्पण स्थल का भ्रमण कर



मंच, पंडाल, साज-सज्जा, आगंतुकों के बैठने की व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल एवं पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह भी उपस्थित रहे।

लोकार्पण कार्यक्रम दोपहर बाद 3 बजे आयोजित होगा। प्रधानमंत्री जी बनारस से वर्चुअल माध्यम से एयरपोर्ट का लोकार्पण करेंगे। इससे पूर्व दोपहर 2 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक लोकार्पण समारोह के स्थानीय मंचीय कार्यक्रम होंगे। कार्यक्रम स्थल में ही मुख्यमंत्री जी दोपहर एक बजे से दोपहर दो बजे तक रीवा में 23 अक्टूबर को आयोजित होने वाली रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव के संबंध में रीवा एवं शहडोल संभाग के उद्यमियों से चर्चा करेंगे। इस व्यवस्था की तैयारियों का भी कमिश्नर ने अवलोकन किया तथा सभी कार्य समय सीमा में पूर्ण कर लेने के निर्देश दिए। इस दौरान एयरपोर्ट एथारिटी के डायरेक्टर रामजी अवस्थी, भाजपा अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह, आयुक्त नगर निगम डॉ सौरभ सोनवणे, एडिशनल एसपी विवेक लाल सहित वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौंदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : MP/SDL/DN/-30/2015-17, दूरभाष : 09424315633,7389444833